आज का मौसम | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

सूर्योदय 6:08 सूर्यास्त 6:13

तापमान
अधिकतम 26.0
न्यूनतम 22.8

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्ष-50 | अंक-264 | शनिवार 24 सितम्बर, 2022 | आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

2024 में लालू-नीतीश का सूपड़ा साफ हो जाएगा : अमित शाह



कौन जाने किस घड़ी वक्त का बदले मिजाज?....

# लूट के विरोध में बदमाशों ने की युवक की गोली मारकर हत्या

**➲छपार थाने के खुड्डा गांव में गुरूवार देर रात हुई वारदात ➲मैकेनिक का चार माह पहले हुआ था निकाह, 27 सितंबर को जाना था सऊदी**

मुज़फ्फरनगर, 23 सितंबर ( बु. )। छपार थाने के खुड्डा गांव में गुरूवार देर लूटपाट के दौरान बदमाशों ने सऊदी अरब में कार्यरत मैकेनिक की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया गया है कि विरोध करने पर परिवार के चिराग को मारा गया है। मैकेनिक का मई माह में निकाह हुआ था और चंद दिन बाद उसे वापस जाना था। एसएसपी विनीत जायसवाल ने घटनास्थल का अवलोकन करने के साथ बदमाशों की धरपकड़ को पांच टीमों का गठन किया है।

छपार क्षेत्र के गांव खुड्डा निवासी जरीफ गुरूवार रात परिवार के साथ सोया हुआ था। देर रात दो बजे के करीब पीछे के रास्ते हथियारबंद बदमाश जरीफ के घर में दाखिल हो गए। बदमाशों ने जरीफ समेत कई परिजनों को बंधक बनाकर 8 हजार रुपये आदि लूट लिए। इसी दौरान जरीफ के बेटे शादाब ने लूट का विरोध करते हुए एक बदमाश को पकड़ लिया। खुद को छुड़ाने की छीना-झपटी में बदमाश ने तमंचे से गोली चला दी, जो शादाब को जा लगी। शोर-शराबा मचा, तो बदमाश जंगल के रास्ते फरार हो गए। नाजुक हालत में शादाब को लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शादाब की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। लूटपाट के दौरान हत्या की खबर मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। एसएसपी विनीत जायसवाल और एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी कर आश्वासन दिया। बताया गया है कि शादाब सऊदी अरब में मैकेनिक था। इसी साल दो मई को गांव आया था। 29 मई को शादाब का निकाह हुआ था। 27 सितंबर को उसे वापस सऊदी अरब जाना था, लेकिन शादाब के लिए गुरूवार को आखिरी रात साबित हुई। पुलिस ने पीड़ित जरीफ की तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया। हालांकि मुकदमे में बदमाशों की संख्या को नहीं खोला गया है, ताकि धाराओं में खेल किया जा सके।



### घटना पर क्या बोले, एसएसपी



छपार थाने पर देर रात सूचना मिली कि एक घर में कुछ अज्ञात चोर घुस गए। घर वालों के जागने और शोर मचाने पर चोर भागने लगे। उसी समय घर के सदस्य शादाब ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया। चोर ने तमंचे से फायर कर दिया। यह गोली शादाब को जा लगी। घायल को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर उनके द्वारा मौका मुआयना किया गया। घटना के अनावरण को एसओजी और सर्विलांस की पांच टीमों का गठन किया गया हैं।

### बदमाशों को मिले सख्त सजा

मुजफ्फरनगर। मकान से खेत जुड़े हुए हैं। देर रात बदमाश पीछे से सीढ़ी लगाकर भाई जरीफ के घर में घुस आए। भाई और अन्य सदस्यों को बंधक बनाकर लूटपाट की। इसी दौरान एक बदमाश को पकड़ने पर उसके भतीजे शादाब को गोली मारकर हत्या कर दी गई। वो चाहते हैं कि घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए।

**अरशद (शादाब का चाचा)**

### पांच दिन बाद वापस जाना था सऊदी

मुजफ्फरनगर। जरीफ के घर में देर रात आठ बदमाश घुस आए थे। जिन्होंने लूटपाट के दौरान शादाब की हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के बड़े अधिकारी मौके पर आ गए और उन्होंने जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। 25 साल के शादाब का चार माह पहले ही निकाह हुआ था। 27 सितंबर को उसे वापस सऊदी अरब जाना था।

**मुफीद आलम (ग्राम प्रधान खुड्डा)**

## बिगड़ी बादलों की चाल, शहर हुआ बेहाल, बारिश 85.5 मिमी.

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर ( बु. )। जाते-जाते मॉनसून ने ऐसे नजारे दिखाए कि तमाम व्यवस्थाएं अस्त व्यस्त हो गईं। जबरदस्त बारिश के चलते आज अग्निवीर की भर्ती रद्द करनी पड़ी। स्कूल-कॉलेजों का अवकाश घोषित कर दिया गया। इसी के साथ शनिवार को भी अवकाश का ऐलान कर दिया गया है। बारिश ने शहर की तमाम सड़कों और गली मुहल्लों की स्थिति को तबाह कर नगरपालिका

**➲स्कूल कॉलेजों में शनिवार (आज) को भी अवकाश, अग्निवीर की भर्ती रद्द**

**➲शहर में हुए जलभराव और कीचड़ ने खोली नगर पालिका की उपलब्धियों की पोल**

की चार साल की उपलब्धियों को नाले में बहा दिया। बारिश के चलते तमाम काम काज बुरी तरह प्रभावित हुए। शहर में पिछले चौबीस घंटों में 85.5 मिमी बारिश ने शहर से गांव तक व्यवस्थाओं को छिन्न भिन्न करके रख दिया। इसके चलते जहां आम जिंदगी प्रभावित हुई, वहीं बारिश के चलते बिजली व्यवस्था भी कई स्थानों पर प्रभावित हुई। मौसम विभाग ने शनिवार को भी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम की पहली भीषण बारिश के चलते इस बार जिंदगी अस्त व्यस्त हो गई। नगर में आज बारिश के चलते तमाम व्यवस्थाएं छिन्न भिन्न होकर रह गईं। बीती रात से ही बारिश के चलते शहर में तमाम स्थानों पर जल भराव का नतीजा यह रहा कि आज स्टेडियम में जल भराव और कीचड़ के चलते भर्ती रैली स्थगित कर देनी पड़ी। सुबह बच्चे भीगते भागते स्कूल पहुंचे तो वहां जाकर उन्हें पता चला कि प्रशासन ने अवकाश घोषित कर दिया है। ऐसे में उन्हें फिर से भीगते हुए वापस लौटना पड़ा। परिजन कहते रहे कि प्रशासन पहले ही छुट्टी घोषित कर देता तो उन्हें मुसीबत तो ना झेलनी पड़ती। कुछ स्कूलों में चल रहे टेस्ट भी बारिश के बाद स्थगित कर दिए गए। ऐसे में वे बच्चे वहां घंटों फंसे रहे, जिनके अभिभावक या वाहन उन्हें छोड़ चले गए थे। बाद में अभिभावक वापस अपने बच्चों को लेने के लिए लौटे।

चार दिन से चल रही बारिश का आज सबसे खतरनाक दिन था। बीती रात से जो बारिश का दौर शुरू हुआ वह रात तक भी थमा नहीं था। दिन में कुछ समय की राहत के बाद शाम से कभी हल्की तो कभी तेज बारिश चलती रही। इसके चलते आज शाम को लगने वाला चाट बाजार भी ठंडा हो गया। रात से ही चल रही बारिश का नतीजा यह रहा कि शहर में तमाम स्थानों पर जल भराव की स्थिति से लोग जूझते रहे। हालांकि दिन निकलने के बाद बारिश धीमी हुई तो हालात कुछ संभले। शहर में शिवचौक और इसके आसपास के इलाकों से लेकर तमाम इलाकों में सड़कें नदियों में तब्दील हो गईं। शहर की रामपुरी, जनकपुरी, नई आबादी आदि निचली आबादियों में तो हालात भयावह हो गए। शहर में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जिसके गड्ढों में पानी और कीचड़ ना भरा हो। यह स्थिति पालिका की चार साल की उन उपलब्धियों को बयान कर रही थी, जिसका ढिंढोरा मशीनों के पास खड़े होकर तली झाड़ सफाई का दावा करते हुए पालिकाध्यक्ष करती रहीं। तमाम नालों में कीचड़ और पानी के जमाव के चलते आज बारिश के बाद पानी की निकासी ठप्प होकर रह गई। इसका खामियाजा कमोबेश पूरे शहर की जनता को भुगतना पड़ा। लोग कहते रहे कि लाखों रुपये फूंक कर पालिका ने शहर को जल भराव की यह सौगात दी है। शहर के बीचों बीच शिवचौक के पास एसडी कॉलेज मार्केट के भीतर और बाहर पानी भरा रहा। रोडवेज बस स्टैंड पर भी हालात बेहद खराब रहे। इसके अलावा गांधी कॉलोनी में तो नजारा देखने लायक था। यहां पचैंडा रोड पर गड्ढेदार सड़क में भरी गई रोड़ियों की मिट्टी बह जाने के बाद मोटे-मोटे रोडे फैल कर यातायात के लिए मुसीबत बन गए। ऐसे में यहां से पैदल और वाहनों से चलना दूभर हो गया। टायरों के नीचे से गोली की तरह फिसलकर रोडे लोगों को चोटिल करते रहे। भोपा रोड पर चौड़ीकरण के लिए खोदी गई साइड़ों में भी कीचड़ और पानी भरा रहा। इससे उनके पार जाने के लिए ईंटे रखकर रास्ता बनाया गया। मॉल के सामने तो स्थिति बेहद खराब दिखाई दी। नई मंडी में हालात थोड़े ठीक थे, लेकिन आसपास के इलाकों में स्थिति बेहद खराब रही। आज भाजपा के कार्यक्रम स्थल पर भी पानी भरा रहने से समस्या का सामना करना पड़ा।

### अब सोमवार को खुलेंगे स्कूल कॉलेज

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। बारिश के चलते मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बावजूद गुरुवार शाम तक कोई फैसला लेने से चूक गए प्रशासन ने आज सही समय पर निर्णय लिया और शनिवार को स्कूल कॉलेजों का अवकाश घोषित कर दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने आज शाम जारी सूचना में बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश को दृष्टिगत रखते हुए जिला अधिकारी की सहमति से सभी बच्चों, शिक्षकों की सुरक्षा हेतु जनपद के समस्त बोर्ड के बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 24 सितंबर दिन शनिवार को अवकाश घोषित किया जाता है। 25 सितंबर को रविवार अवकाश होने के कारण अब विद्यालय 26 सितंबर, सोमवार को यथावत् खुलेंगे। डीआईओएस ने कहा कि अवकाश आदेश की अवहेलना के कारण यदि कहीं कोई अप्रिय घटना होती है तो सम्बंधित संस्था के जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।



शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश के बाद मेरठ रोड स्थित आईटीआई कॉलेज में हुआ जलभराव स्वीमिंग पूल की तरह नजर आया वहीं शहर की पॉश कॉलोनी साकेत कॉलोनी में हुए जलभराव का नजारा।



## बारिश और बाढ़ पर सीएम योगी ने जिलाधिकारियों से तलब की रिपोर्ट

लखनऊ, 23 सितंबर ( वार्ता )। एक तरफ पश्चिमी यूपी में बारिश ने कहर ढाया हुआ है। लगातार दूसरे दिन बारिश के कारण लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त है। दूसरी तरफ पूर्वी यूपी बाढ़ से परेशान है। मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ ने शुक्रवार को पूर्वी यूपी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने सरयू नदी के आस-पास के जिलों गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, गोंडा और बाराबंकी का हवाई सर्वेक्षण कर इन जिलों के जिलाधिकारियों ( डीएम ) से अब तक किये गये बाढ़ राहत कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार योगी ने जिलाधिकारियों को इन जिलों के प्रभावित गांवों में राहत कार्यों में तेजी लाने और साथ ही बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों एवं पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने के नर्दिश दिये हैं। प्रदेश के करीब 14 जिलों के 247 गांव में बाढ़ से हालात बिगड़े हैं। इस बीच मुख्यमंत्री योगी ने इन जिलों में स्थिति का जायजा लेने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। गौरतलब है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ, पीएसी और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों के डीएम को राहत कार्यों में तेजी लाने समेत इस दिशा में किये गये कामों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने जिलाधिकारियों को बाढ़ से हुई जन धन और पशुधन की क्षति का निर्धारित मानकों के मुताबिक आकलन कर सहायता एवं बाढ़ राहत सामग्री वितरित करने के काम में तेजी लाने को कहा।

## आने वाला है मंदी का सबसे बुरा दौर, 2008 संकट की सटीक भविष्यवाणी करने वाले अर्थशास्त्री ने चेताया

नई दिल्ली, 23 सितंबर ( वार्ता )। अमेरिका समेत दुनिया भर में मंदी का सबसे लंबा और बुरा दौर आने वाला है। ये आशंका अर्थशास्त्री नूरील रूबिनी को है। ये वही अर्थशास्त्री हैं, जिन्होंने साल 2008 के आर्थिक संकट की सही भविष्यवाणी की थी। इस मंदी के बाद दुनिया भर के शेयर बाजार क्रैश हो गए थे और बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने लगी थीं। अब एक बार फिर नूरील रूबिनी ने मंदी की आहट पहचान ली है। रूबिनी का मानना है कि अमेरिका और वैश्विक स्तर पर मंदी की शुरुआत इस साल के अंत में होगी, जो 2023 के आखिर तक चल सकती है। यह एक लंबा वक्त होगा, इस दौरान दुनियाभर की इकोनॉमी तबाही के मंजर देख सकती है।

## पीएफआई के लिए ओमान के जरिए भारतीय खातों में भेजा गया पैसा

**➲पाकिस्तान की आईएसआई और तुर्की एजेंसी भारत में गड़बड़ी फैलाने को भेज रही थी रकम**

लखनऊ, 23 सितंबर ( वार्ता )। भारत में कोने-कोने तक कट्टरता फैलाने के मंसूबे में जुटी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ( पीएफआई ) को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फंडिंग की जा रही थी। भारतीय खुफिया एजेंसियों और एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि तुर्किए ( तुर्की ) की सरकारी एजेंसी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' की मदद से पीएफआई और उनके कारकुनों को मोटी रकम बैंक खातों में पहुंचा रही थीं। इसका इस्तेमाल टेरर फंडिंग में किए जाने के भी सबूत मिले हैं।

यूपी एसटीएफ और एनआईए को इस खुलासे के तार हाथरस कांड और एंटी सीएए आंदोलन के दौरान ही मिल गए थे लेकिन इसकी कड़ियां जोड़ने में करीब एक साल से ज्यादा वक्त लगा और अंतत देशव्यापी छापेमारी की रणनीति बनाई गई। पीएफआई के विरुद्ध एनआईए के देशव्यापी छापों के पीछे यही बड़ी वजह है। इस दौरान ही पीएफआई और उसके पदाधिकारियों को हुई फंडिंग की जांच में यह खुलासा भी हुआ था कि ओमान के जरिए भारतीय बैंक खातों में रकम भेजी गई। एनआईए के अधिकारी फिलहाल इतना कहते हैं कि बैंकों से मिले सुराग के आधार पर मनी ट्रेल के जरिए छापेमारी का आधार मिला। इससे पहले सीएए विरोधी प्रदर्शनों और उसके बाद हाथरस कांड को गरमाने के षड्यंत्रों का खुलासा होने के बाद पीएफआई देश की खुफिया एजेंसियों के रडार पर आ गई थी। सीएए विरोधी प्रदर्शनों में पीएफआई और उसके छात्र संगठन कैम्पस फ्रंट आफ इंडिया ( सीएफआई ) की भूमिका आनेकेबाद यूपी पुलिस ने उसके कई पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## बीएएमएस परीक्षा के मूल्यांकन में सामने आया बड़ा घोटाला

मेरठ, 23 सितंबर ( वार्ता )। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय में बड़ा अंक घोटाला सामने आया है। गुरुवार शाम जारी बीएएमएस चुनौती मूल्यांकन के परिणाम में भारी गड़बडी मिली है। जिस छात्रा को परीक्षा के बाद परीक्षक ने 15 नंबर दिए, उसे चुनौती मूल्यांकन में दूसरे परीक्षक ने 60 नंबर दिए हैं। यानी एक ही परीक्षा में एक ही विश्वविद्यालय के दूसरे परीक्षक ने पहले के मुकाबले चार गुना अधिक नंबर दिए। ऐसे में सवाल यह है कि कौन सा परीक्षक सही है और कौन गलत। विश्वविद्यालय गलत ढंग से कॉपी चेक करने वाले परीक्षकों पर कोई कार्रवाई भी नहीं करता। छात्रों ने नंबर बढ़ने वाली सभी कॉपियों को मूल रूप से सार्वजनिक करने की मांग की है। बीडीएस के चुनौती मूल्यांकन के परिणाम में कई छात्रों के चौकाने वाले नंबर बढ़े हैं। बीडीएस फाइनल में छात्रों के 11 से 20, 10 से 21, आठ से 21, आठ से 16, सात से 17, छह से 12 तक नंबर बढ़े हैं। बीएएमएस चतुर्थ वर्ष में ही छात्रों के 47 से 60, 37 से 62, 39 से 60, 51 से 70 और 41 से 51 नंबर हुए हैं। ऐसे छात्रों की संख्या अनेक है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि चुनौती मूल्यांकन में अंकों के सर्वाधिक बदलाव मेडिकल कोर्स में आ रहा है। बीएससी द्वितीय वर्ष में छात्र-छात्राओं ने फेल होने पर गुरुवार को कैंपस में प्रदर्शन किया।

## केदारनाथ धाम के पास भरभराकर गिरा बर्फ का पहाड़

रुद्रप्रयाग, 23 सितंबर ( वार्ता )। केदारनाथ धाम में गुरुवार शाम चोराबाड़ी ग्लेशियर के कैचमेंट में हिमस्खलन आया है। एवलांच के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर आया गया है। राहत की बात है कि हिमस्खलन से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। नदियों और संवदेनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस भी तैनात किया गया है। मालूम हो कि 2103 की आपदा में चोराबाड़ी झील के टूटने से मंदाकिनी नदी में बाढ़ आ गई थी, जिससे कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। रुद्रप्रयाग जिले में पिछले दो दिनों से बारिश की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई हैं, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। भारी बारिश के बाद भूस्खलन कई सड़कें भी बंद हो गई हैं, जिससे श्रद्धालु फंस गए हैं।

## नगर विकास विभाग ने नगरपालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल को 26 सितम्बर को किया आमन्त्रित

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर ( बु. )। चलते-चलते दो सौ करोड़ के 135 निर्माण कार्यों पर नजरें गड़ाए बैठी पालिकाध्यक्ष के हवाई इस्तीफे के बाद लोग उनके इस्तीफे का इंतजार करते रहे, लेकिन चेयरमैन ने इस्तीफा नहीं दिया। इस बीच हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर विशेष सचिव ने अंजू अग्रवाल को जवाब देने के लिए 26 सितंबर को तलब किया है।
पालिका की राजनीति में चेयरमैन शह मात का खेल खेल रही हैं। कल सभासदों की बैठक के बीच त्यागपत्र का ऐलान तो उन्होंने कर दिया, लेकिन इस्तीफा दिया नहीं। ऐसे में भाजपा के नेता कहते सुने गए कि चेयरमैन भाजपा नेताओं पर दबाव डालने के लिए इस्तीफे का नाटक कर रही हैं। इस बीच नगर पालिका में घोटालों को लेकर वित्तीय अधिकार वापस लेने के मामले में प्रदेश शासन की कार्रवाई पर हाईकोर्ट के आदेश को देखते हुए विशेष सचिव नगर विकास अनुभाग सुनील कुमार चौधरी ने पालिकाध्यक्ष को जवाब देने के लिए तलब किया है। उन्होंने 26 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे छठे तल बापू भवन पर नगर विकास विभाग के कार्यालय



कक्ष संख्या 601 में आमंत्रित किया गया है। इस पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि आप निर्धारित तिथि पर अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित नहीं होतीं तो मान लिया जाएगा कि आपको अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है और प्रकरण में गुणावगुण के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### नगर पालिका के घोटालों की एसआईटी जांच कराने की मांग

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर ( बु. )। पालिका में चल रहे गर्म माहौल के बीच खांडा उठाए फिर रहे भाजपा सभासदों राजीव शर्मा और मनोज वर्मा ने पालिका में हुए घोटालों की एसआईटी जांच की मांग की है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को भेजे पत्र में उन्होंने मुजफ्फरनगर पालिका परिषद में 12 सितंबर 2017 से 19 जुलाई 2022 के बीच के घोटालों की जांच के लिए एसआईटी के गठन की मांग की है। उनका कहना है कि इस दौरान पालिका में अनेक घोटालों को लेकर शिकायतें प्रशासन और शासन को की गईं थी। इनमें प्रशासन द्वारा गठित टीम द्वारा की गई जांच में कुछ मामले साबित भी हुए और कुछ मामलों की जांच अभी भी लंबित है। तीन प्रकरण में 15 नवंबर 2021 को अनुभाग 2 द्वारा अध्यक्षा पर एक लाख 95 हजार रुपये की रिकवरी के आदेश जारी किए गए थे। 19 जुलाई के आदेश से विभाग द्वारा पालिकाध्यक्ष के वित्तीय अधिकारी सीज कर दिए गए थे। पत्र में कहा गया है कि उक्त कार्यकाल के दौरान हुए घोटालों की एसआईटी जांच कराई जाएगी तो अध्यक्ष नगर पालिका के साथ अन्य कर्मचारी भी घोटाला करने में सहयोगी और दोषी पाए जाएंगे। इसमें उक्त तमाम मामलों की एसआईटी जांच कराने के साथ इस दौरान हुए राजस्व के नुकसान की भरपाई दोषी लोगों से कराने की मांग की।

### पहाड़ी खिसकी तो हरकी पैड़ी के निकट सड़क पर आ गिरी चट्टान

हरिद्वार, 23 सितंबर ( वार्ता )। गुरुवार रात से लगातार हो रही बारिश के बाद शुक्रवार को शहर में जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। लगातार बारिश के बाद हरकी पैड़ी के निकट सुबह के समय पहाड़ से चट्टान आ गिरी। पहाड़ से गिरे चट्टान के चपेट में आने से आटो रिक्शा बाल-बाल बच गया। हरिद्वार में लगातार बारिश होने के कारण शुक्रवार को कई इलाकों में जलभराव की समस्या तो पैदा हो ही गयी। वहीं हरकी पैड़ी से भीमगोड़ा क्षेत्र को जाने वाले मार्ग पर हनुमान मंदिर के निकट एक भारी भरकम चटटान सड़क पर आ गिरी। सुबह का समय होने के कारण आवाजाही कम होने के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। इस दौरान एक टैंपो चालक चट्टान की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। सड़क पर चट्टान के गिरने से काफी देर आवाजाही भी बाधित रही। आसपास के लोगों ने चट्टान को सड़क से किनारे कर आवाजाही को सुचारू किया।

## अंकिता भंडारी की हत्या में नेता का बेटा समेत तीन गिरफ्तार

ऋषिकेश, 23 सितंबर ( वार्ता )। गंगाभोगपुर स्थित वनंतरा रिसॉर्ट से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या कर उसका शव चीला नहर में फेंक दिया गया। मुख्य आरोपित हरिद्वार के भाजपा नेता का बेटा ही निकला। पुलिस ने रिसॉर्ट संचालक समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

ऋषिकेश में अंकिता हत्याकांड के आरोपियों को लेकर कोटद्वार न्यायालय जा रही जीप को गंगा भोगपुर के आक्रोशित लोगों ने रोक लिया। करीब 300 लोग जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे सीधा वनंत्रा रिजार्ट से नहर की सड़क पर पहुंचे और जीप पर पथराव शुरू किया। इस बीच लोगों ने पत्थरों से पुलिस जीप के शीशे तोड़ दिए। लोगों ने जीप को पलटकर नहर में गिराने की कोशिश भी की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए। लोगों ने जीप की खिड़की से आरोपियों के कपड़े फाड़ दिए और फिर उन पर लात, घूंसे, चप्पल और पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। पुलिस की सूचना पर करीब 45 मिनट बाद एएसपी शेखर सुयाल मौके पर पहुंचे। उनके साथ देवप्रयाग थाना पुलिस की फोर्स भी थी। शेखर सुयाल ने लोगों ने समझाया, जब वह नहीं माने तो उन्होंने लोगों पर लाठी चार्ज कर दिया। लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। लेकिन आखिरकार पुलिस लोगों को मौके से खदेड़ दिया। इसके बाद जीप को कोटद्वार की ओर रवाना किया गया। पौड़ी जनपद के यमकेश्वर ब्लॉक अंतर्गत राजस्व क्षेत्र गंगाभोगपुर स्थित वनंतरा रिसॉर्ट में श्रीकोट गांव, पट्टी नांदलस्यूं, जनपद पौड़ी गढ़वाल निवासी अंकिता भण्डारी 19 पुत्री वीरेंद्र सिंह भण्डारी रिसेप्शनिस्ट के रूम में काम करती थी। लेकिन बीती 18 सितंबर को वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। 19 सितंबर को रिसॉर्ट संचालक पुलकित आर्य ने राजस्व पुलिस को तहरीर दी। राजस्व पुलिस चौकी उदयपुर तल्ला में गुमशुदगी का मुकदमा पंजीकृत किया गया। क्षेत्रवासियों का लगातार दबाव बनने पर डीएम पौड़ी ने बीती 22 सितंबर को मामला लक्ष्मणझूला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया। एक दिन बाद ही पुलिस ने मामला वर्कआउट कर दिया। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक पौड़ी शेखर सुयाल ने लक्ष्मणझूला थाने में पत्रकारों को घटना की जानकारी दी। बताया कि 18 सितंबर रात्रि को ही लापता रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या कर उसका शव चीला नहर में फेंक दिया गया था।

### बिहार के राज्यपाल की तबीयत खराब, एयरलिफ्ट करके दिल्ली लाया गया

पटना, 23 सितंबर ( वार्ता )। बिहार के राज्यपाल फागू चौहान की तबीयत खराब हो गई और उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उन्हें विशेष इलाज के लिए शुक्रवार को दिल्ली ले जाया गया। चौहान की तबीयत गुरूवार रात खराब हो गई थी। उन्हें यहां इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया कि उन्हें विशेष एयर एंबुलेंस से राष्ट्रीय राजधानी ले जाया गया। राज्यपाल पिछले तीन दिनों से बुखार से पीड़ित थे। गुरूवार को जब उनकी हालत बिगड़ी तो उन्हें तुरंत आईजीआईएमएस ले जाया गया। हालांकि, जब शुक्रवार को उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ, तो उन्हें दिल्ली ले जाने का फैसला किया गया। 74 वर्षीय चौहान को जुलाई 2019 में बिहार का 29वां राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

॥ अग्रसेन जयते ॥ ॥ सत्य मेव जयते ॥



वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर
द्वारा आयोजित
वैश्य मेधावी छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह
दिनांक 4 अक्टूबर 2022, दोपहर 1 बजे
स्थान - महाराजा अग्रसेन भवन, एटूजेड कालोनी के बराबर में आयोजित

जिसमे जिले के वैश्य छात्र-छात्राओं को यू.पी. बोर्ड, सीबीएससी बोर्ड, हाई स्कूल व इण्टर 2022 में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया जायेगा इस प्रकार के विधार्थीयों को अपनी मार्कसीट की फोटो स्टेट कापी, फोन नम्बर व पता सहित 30 सितम्बर 2022 तक निम्न पते पर जमा करादें वर्ष 2022 में आई ऐ एस/पीसीएस/सी ए व पीसीएस जे में चयनीतों को भी सम्मानित किया जायेगा

1. योगेश भगत जी (लक्ष्मी ट्रेडर्स, एस.डी. मार्किट मो. 9897047113)
2. अचिन कंसल (कंसल ट्रेडर्स, एस.डी. कॉलेज मार्किट मो. 9897664668)
3. वैभव मित्तल (नल वाले, आलू मण्डी, मु.नगर मो. 9897275555)
4. अशोक सिंघल (पी.आर. पब्लिक स्कूल, गांधी कालोनी, मु.नगर मो. 9412210622)
5. संजीव गोयल (गोयल एन्टरप्राइजेज, एस.डी.कॉलेज मार्किट मो. 8006006070)
6. अजय सिंघल (तुलसी साड़ी, पंजाबी मार्किट, निकट झांसी की रानी, मो. 9897123606)
7. अरविन्द गुप्ता (सर्वणिम साड़ी, बिन्दल मार्किट, नई मण्डी, मु.नगर मो. 9412214526)
8. दिनेश बंसल (जय शिव ज्वैलर्स, भगत सिंह रोड़, मु.नगर मो. 9319497424)
9. जनार्दन स्वरूप गर्ग (हमदर्द एजेन्सी, लोहिया बाजार, मु.नगर मो. 9219660503)
10. सत्य प्रकाश मित्तल (एशियन पब्लिशर्स, जानसठ फ्लाईऑवर के नीचे, मु.नगर मो. 7417259492)

कार्यक्रम संयोजक - योगेश भक्त जी (मो. 9897047113), राकेश कंसल (मो. 9897645445)

कृष्ण गोपाल मित्तल, अध्यक्ष, 9319005000
अजय सिंघल, महामंत्री, 9897123606
जनार्दन स्वरूप गर्ग, कोषाध्यक्ष, 9219660503

# जानसठ के व्यापारियों ने किया नगर पंचायत ईओ का घेराव



जानसठ, २३ सितंबर (बु.)। कस्बे की गुरुनानक मार्केट व टॉउन मार्किट सहित मेन बाजारों से शुक्रवार दोपहर नगर पंचायत जानसठ के अधिशासी अधिकारी द्वारा दर्जनों कर्मचारियों के साथ तेज बारिश से बचाव के लिए दुकानदारों द्वारा अपने–अपने प्रतिष्ठानों के बाहर लगायी गई पन्नी के छज्जे की तिरपाल को उतरवाते हुए टाउन की गाड़ियों में जैसे ही डलवाना शुरू किया, वैसे ही व्यापारियों ने इसका विरोध करते हुए ईओ जानसठ का घेराव किया। मिली जानकारी के नगर पंचायत जानसठ के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला के नेतृत्व में दर्जनों कर्मचारियों ने यहां जानसठ के काले गेट के निकट गुरुनानक मार्केट, टाउन मार्केट सहित मेन बाजार में दुकानदारों द्वारा तेज बारिश को देखते हुए अपनी–अपनी दुकानों के बाहर लगाए गए पन्नी की तिरपाल और छज्जे को जैसे ही उतरवाते हुए नगर पंचायत की गाड़ियों में डालना शुरू किया, वैसे ही व्यापारियों ने अपना विरोध दर्ज करते हुए अपनी–अपनी दुकानों में तालाबंदी कर दी और देखते ही देखते पूरा बाजार तेजी से बंद हो गया। वहीं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जानसठ मंडल अध्यक्ष मनदीप सिंह छाबड़ा एवं नगर पंचायत जानसठ के सभासद अनुज सैनी व अश्वनी चौधरी ने तेज बारिश में नगर पंचायत जानसठ द्वारा इस तरह तिरपाल उतरवाये जाने का जमकर विरोध किया। वहीं सैकड़ों व्यापारियों ने नगर पंचायत जानसठ के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला का घेराव करते हुए दुकानदारों का शोषण न करने की बात कही, तो वहीं ईओ ने करीब तीन फीट अस्थाई छज्जा लगाने पर सहमति देते हुए किसी भी तरह के अतिक्रमण न करने की बात व्यापारियों से कही। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जानसठ विश्वजीत सिंह एवं कस्बा चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



## पत्थरबाजों के आतंक से तीर्थवासी हलकान

भोपा, २३ सितम्बर (बु.)। रात्रि में शरारती तत्वों द्वारा की जा रही पत्थरबाजी से तीर्थवासी परेशान हैं। पत्थरबाजी से हो रहे नुकसान से आहत नागरिक रात में अपनी बस्ती का पहरा देने को मजबूर हैं। पीड़ितों ने प्रशासन से पत्थरबाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र की तीर्थनगरी शुकतीर्थ में स्थित पंजाबी कॉलोनी में पिछले कई दिनों से रात में हो रही पत्थरबाजी से तीर्थनगरी परेशान हैं। कॉलोनी निवासी सतेन्द्र सैनी ने बताया कि रात में उसके मकान में कोई अज्ञात पत्थर फेंके जाते हैं, जिससे मकान का शेल्टर व अन्य चीजें टूट गयी है। घायल हो जाने के डर से उसका परिवार व कॉलोनीवासी रात में जागकर पहरा लगाते हैं। पत्नी सविता व बच्चे मनु, अंश, नन्दू भी दहशत में हैं। रात में भोपा पुलिस भी चैकिंग करती हैं, किन्तु पत्थरबाजी लगातार जारी है। तीर्थवासी बाला, सत्तो, सोनू सैनी, टिंकू, शोभाराम, बिजेन्द्र, विकास, मांगेराम, भीमसिंह, राकेश आदि ने प्रशासन से पत्थरबाजी की घटना को रोकने की मांग की है।

# ग्रामीण बैंक कर्मियों ने की कामबंद हड़ताल, जताया विरोध

मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर (बु.)। ग्रामीण बैंक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय काम बंद हड़ताल करते हुए प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एंप्लाइज एसो. के आह्वान पर इस दौरान प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के करीब 2500 से ज्यादा अधिकारी व कर्मचारियों ने हड़ताल पर रहते हुए धरना दिया। हड़ताल को बैंक के सेवानिवृत्त स्टाफ की समिति ने भी समर्थन करते हुए धरने में भागेदारी की। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण बैंकों को भी निजीकरण के रास्ते में ले जाने की प्रारंभ की जा रही कार्यवाही के विरोध में की गई। धरने पर मौजूद वक्ताओं ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीण बैंकों को अपनी तमाम वैधानिक जरुरतों हेतु आवश्यक कैपिटल जुटाने में शेयर बाजार के माध्यम से आईपीओ लाकर पूंजी जुटाने के निर्देश जारी कर किए गए हैं, जबकि एसोसिएशन द्वारा सभी ग्रामीण बैंकों को एक करते हुए भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक बनाकर ग्रामीण भारत से सीधा जुड़ी 100 करोड़ की आबादी के लिए एक बैंक स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर पूर्व में जंतर मंतर पर धरना देने के साथ ही बैंकिंग सचिव को क्षेत्रीय प्रबंधक के माध्यम से ज्ञापन भी दिया गया और अभी तक देश के 100 से ज्यादा सांसदों को ज्ञापन दिया जा चुका है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि आज देश में मात्र 48 वर्षों में 40 करोड़ ग्राहकों के साथ देश के ग्रामीण भारत की बड़ी वित्तीय संस्था के रूप 702 जिलों में 22,000 शाखाओं के माध्यम से स्थापित है और 09 लाख 25000 करोड़ के कुल व्यवसाय के साथ देश के अंदर छठीं सरकारी बैंकिंग संस्था है और 34,259 करोड़ के संचित लाभ के साथ कार्यरत है, जबकि अन्य बैंकों की तुलना में सबसे कम स्टाफ 95,00 है, जिसमें से 15000 स्टाफ आगामी दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण भारत के अंदर केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा चलाई योजनाओं, किसान-मजदूरों, छोटे व्यापारियों की ऋण योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं में अहम भागेदारी कर सरकार के तय लक्ष्यों की 48 वर्षों से पूर्ति करती आ रही है। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष धरने में ऑफिसर्स एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष निखिल गुप्ता, क्षेत्रीय सचिव रावेंद्र पटेल, संयुक्त सचिव आयुष गर्ग, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सर्वेश नागवान, कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया। धरने में मुख्य रूप से राकेश जैन, भानु प्रताप, अशोक कुमार, राजकिशोर, एसपी गोयल, इर्तजा जैदी, अवनीश, गौरव, हिमांशु, अमित शर्मा, शिवकुमार, विपुल पाल, राहुल गुप्ता, विक्की, प्रदीप, संदीप, बृजभूषण, नरेश कुमार, कपिल वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

## ईओ ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण

शाहपुर, २३ सितम्बर (बु.)। नगर पंचायत के ईओ सुधीर कुमार मिश्रा ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर तैनात कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। ईओ ने जिलाधिकारी के निर्देश पर कस्बे में स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में हरा चारा व भूसे की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई। इस दौरान ईओ ने गौशाला में तैनात कर्मचारियों को प्रतिदिन एंटी लार्वा का छिड़काव करने के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी गौवंश में किसी भी प्रकार की कोई बीमारी हो उसकी तत्काल नगर पंचायत कार्यालय को सूचना दी जाये, जिससे गौवंश का समय से समुचित उपचार हो सके। इसके अलावा उन्होंने गौवंश को उचित मात्रा में चारा डालने व पानी पिलाने के लिए निर्देश दिये। वहीं दूसरी ओर कस्बे के मौहल्ला नूरबाफान में जलभराव की समस्या को देखते हुए मौहल्ले का निरीक्षण कर तत्काल नालों की सफाई कराई गई।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई जाएगी धूमधाम के साथ : सत्यप्रकाश मित्तल

मुजफ्फरनगर, २३ सितम्बर (बुस.)। महाराजा अग्रसेन स्मारक ट्रस्ट की बैठक महाराजा अग्रसेन स्मारक ट्रस्ट भवन पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सत्य प्रकाश मित्तल ने की बैठक में २७ सितंबर को होने वाले अग्रसेन जयंती समारोह के बारे में विचार विमर्श हुआ निर्णय कर अध्यक्ष सत्य प्रकाश मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः ६:०० शुरू होगा। कार्यक्रम के यजमान सतीश गोयल सर्राफ, सौरभ स्वरूप बंसल बंटी होंगे तथा रविंद्र कुमार सिंघल स्वास्तिक पेस्टिसाइड लिमिटेड समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सदस्य विधान परिषद दिनेश गोयल होंगे एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, मुकेश गोयल, निधीश प्रकाश, नरेंद्र गोयल, राजकुमार तायल, आकाश कुमार होंगे। स्वागत समिति का भी निर्णय किया गया है, जिसमें अजय तायल, उपेंद्र बंसल, मित्तल सैन अग्रवाल, पदम बंसल, तेजराज गुप्ता, विनय कुच्छल, देवेन्द्र गर्ग और आशुतोष कुच्छल शामिल रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अग्रवाल समाज के सीए, डॉक्टर्स और इंजीनियर को भी सम्मानित किया जायेगा। बैठक में प्रदीप गोयल, पुरुषोत्तम सिंघल, सीए अजय अग्रवाल, योगेंद्र कुमार मित्तल, विनोद कुमार सिंघल, अचिन कंसल, संजीव गोयल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक योगेश कुमार सिंघल और सह संयोजक अजय कुमार सिंघल होंगे। मंच का संचालन राजीव कुमार सिंघल द्वारा किया जायेगा।

## ११ हजारी लाइन में उठी चिंगारी से इलाके में दहशत

मुजफ्फरनगर, २३ सितम्बर (बु.)। शाहबुद्दीनपुर रोड पर ११ हजार वोल्ट की विद्युत लाइन में फाल्ट के कारण उठी चिंगारियों से इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई। एक अन्य घटना में कोर्ट रोड पर ई–रिक्शा में आग लग जाने से अफरा–तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ई–रिक्शा में लगी आग को बुझाया, तब तक रिक्शा पूरी तरह नष्ट हो चुकी था। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबुद्दीनपुर रोड पर ११ हजार वोल्ट की विद्युत लाइन में फाल्ट होने से तेज चिंगारियां उठी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। इसके बाद इलाके की विद्युत सप्लाई ठप्प हो गई, गनीमत रही इस हादसे में किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई। उधर आज दोपहर कोर्ट रोड पर एक ई–रिक्शा में शॉर्ट–सर्किट के कारण आग लग गई। रिक्शा चालक ने आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन विफल रहे, तब फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ई–रिक्शा में लगी आग पर काबू पाया, तब तक रिक्शा पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी।



## श्रीकृष्ण–रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर (बु.)। कचहरी परिसर में स्थित प्राचीन शिव सिद्धपीठ मंदिर में चल रही श्रीमद भगवद ज्ञान यज्ञ के छठें दिन व्यास पीठ से पंडित श्याम शंकर मिश्र ने भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर उपस्थित श्रोता समुदाय को भाव विभोर कर दिया। बीती रात्रि से चल वर्षा के बावजूद भक्तों का उत्साह प्रशंसनीय है। कचहरी परिसर स्थित श्री सिद्धपीठ मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को पंडित श्याम सुन्दर मिश्रा ने व्यास पीठ से उद्धव संवाद और श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। कथा व्यास ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। इसके साथ ही भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कल्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना व रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। कथा में कार्यक्रम संचालक प्रेम प्रकाश अरोरा ने बताया कि कथा का विश्राम रविवार 25 सितम्बर को पुर्नाहुति-यज्ञ के बाद भंडारा होगा तथा शुकतीर्थ में मां गंगा के घाट पर उसी दिन बसें अमावस्या स्नान के लिए रवाना होगी।


मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
डिप्टी –सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन– 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com




## रावण–बाणासुर संवाद देख रोमांचित हुए दर्शक

जानसठ, २३ सितंबर (बु.)। कस्बे की प्राचीन रामलीला में गुरुवार की रात कलाकारों ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया। मुनि विश्वामित्र के साथ राम–लक्ष्मण भी स्वंयवर में पहुंचे, जिन्हें देख सभी मोहित हो गए। इसी बीच बिन बुलाए लंकापति रावण भी पहुंच जाता है। इस पर सभापति बाणासुर परिचय पूछते हैं, तो वह क्रोधित हो उठता है, फिर यहीं से रावण–बाणासुर संवाद शुरू होता है। रावण–बाणासुर संवाद सुन दर्शक रोमांचित हो गए। रावण बाणासुर संवाद समाप्त होते ही इंद्रदेव ने वर्षा शुरू कर दी, जिसके कारण आगे की लीला का मंचन नहीं हो सका। महन्त रतन सिंह राजपूत ने बताया कि सीता स्वयंवर की शेष लीला का मंचन अगले दिन किया जाएगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष निशांत कांबोज सोनी कुमार गुर्जर, रामअवतार दीक्षित, विकास धनगर, अनिल, अशोक राजपूत, उमाशंकर शर्मा, अमित शर्मा, रतन सिंह राजपूत शालू वालिया, सुमित सैनी, प्रदीप राणा, यशदीप शर्मा कैलाश सैनी, प्रमोद, डॉक्टर प्रदीप, अमरजीत सैनी, ज्ञानचंद सैनी, सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## गांधी कालोनी रामलीला का पूजा के साथ हुआ शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर (बु.)। गांधी कॉलोनी रामलीला कमेटी की ओर से भगवान राम की लीला का शुभारंभ रिमझिम बौछारों के बीच बतौर अतिथि पहुंचे संजय गुप्ता व स. सतपाल मान द्वारा फीता काटकर किया गया। भगवान गणेश जी और विष्णु जी की आरती व भोग के साथ शुरू हुए श्रीराम लीला के मंचन में गांधी कॉलोनी के बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे। देशभर में कोरोना महामारी के चलते दो वर्षों से रामलीलाओं में रहे गतिरोध के बाद अब पूजा-अर्चना के साथ हुए शुभारंभ में गांधी कॉलोनी श्री रामलीला में पूरा पंडाल लोगों से खचाखच भरा हुआ था। इस दौरान राम लीला के मुख्य निर्देशक विकास आहूजा ने बताया कलाकारों एवं कमेटी के भरपूर सहयोग से सुंदर लीला का मंचन प्रारम्भ हुआ है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने रामलीला में सभी दृश्यों को देखकर आनंद लिया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अमर लाल धमीजा, राज बाटला, मुकुल, अमित पटपटिया, राजेंद्र नारंग, कृष्ण प्रणामी, संजय मदान, अनिल धमीजा, पवन छाबड़ा, विजय वर्मा, भवानी मालिक, राकेश हुड़िया, राकेश ढिंगरा, घनश्याम हसेजा, सुरेन्द्र इशपूजानी आदि का विशेष रूप से किया गया।


।। बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गयी, इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया ।।



निर्वाण तिथि
24-09-2011

ग्यारहवीं पुण्यतिथि

स्व. कॉमरेड एस.के. जैन जी

(प्रख्यात बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर)

पूर्व अध्यक्ष : नगर पालिका परिषद, खतौली
पूर्व अध्यक्ष : श्री कुन्द–कुन्द जैन ऐजुकेशन एसोसिएशन, खतौली
संस्थापक सचिव : बैंक इम्पलाइज सेलरी अरनर्स कॉ. क्रेडिट सोसाइटी लि., मु.नगर
संस्थापक सचिव : आलोक सहकारी आवास समिति लिमिटेड, मुजफ्फरनगर
पूर्व सचिव : नई मण्डी क्लब, मुजफ्फरनगर

"आपकी अविस्मरणीय स्मृति हमें हमेशा आपको हमारे साथ होने का आभास कराती है और मन में ऐसा आत्मविश्वास व शक्ति का संचार करती है कि हम मानव कल्याण के पथ पर बिना विचलित हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित होते रहते हैं। हम सब आपको भावभीनी श्रद्धाँजलि अर्पित करते हैं।"

श्री कुन्द-कुन्द जैन एजुकेशन एसोसिएशन, खतौली
संजय जैन, अध्यक्ष — दीपक जैन, महामन्त्री

श्री कुन्द-कुन्द जैन पी.जी. कॉलेज, खतौली
संजय जैन, अध्यक्ष — मुकेश कुमार जैन, एडवोकेट, मन्त्री

श्री कुन्द-कुन्द जैन इण्टर कॉलेज, खतौली
योगश जैन सर्राफ, अध्यक्ष — राजीव जैन, प्रबंधक

श्री कुन्द-कुन्द जैन कन्या उ.मा. विद्यालय, खतौली
मनोज जैन, अध्यक्ष — शशांक कुमार जैन (महलका वाले), प्रबन्धक

यू.पी. बैंक इम्पलाईज यूनियन, मुजफ्फरनगर
आर.पी. शर्मा, अध्यक्ष — रविन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष — अशोक कुमार शर्मा, मंत्री

पी.एन.बी. पी.इ. एसोसिएशन
तेजराज गुप्ता, अध्यक्ष — रजनीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष — अशोक कुमार शर्मा, मंत्री

बैंक इम्पलाईज सेलरी अरनर्स कॉ-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लि.
आर.एस. वर्मा, अध्यक्ष — राजीव जैन, सचिव

श्री के.के. जैन पब्लिक स्कूल, खतौली
शशांक कुमार जैन, सर्राफ, अध्यक्ष — वैभव जैन, प्रबंधक

आलोक सहकारी आवास समिति लिमिटेड
तेजराज गुप्ता, अध्यक्ष — विजय त्यागी, उपाध्यक्ष — प्रकाशवीर, सचिव

नई मण्डी क्लब (रजि.), वकील रोड, मुजफ्फरनगर
सुरेन्द्र कुमार शर्मा एडवोकेट, अध्यक्ष — संजय जैन प्रेमविहार, मंत्री

प्रेम विहार कॉलोनी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
आर.पी. शर्मा, मंत्री एवं समस्त कॉलोनी निवासी

एशियन पब्लिशर्स, साईं विहार मुजफ्फरनगर
एस.पी. मित्तल (चेयरमैन)



1973-2022

## सम्पादक की क़लम से

# नक़ली सामान से नुकसान

नक़ली सामान इस्तेमाल करने वालों को तो कई तरह के नुकसान उठाने पड़ते ही हैं, लेकिन इससे सरकार को भी टैक्स का बहुत नुकसान होता है। नक़ली सामान बनाने वाले और उसे जान कर उसे बेचने वाले ही फ़ायदे में रहते हैं, बाक़ी जनता और सरकार दोनों नुकसान में रहते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल पांच उद्योगों के नक़ली सामानों के कारण सरकार को एक साल में 58,521 करोड़ रुपये का अनुमानित टैक्स नुकसान हुआ। इन पांच उद्योग में मोबाइल फोन, एफएमसीजी-घरेलू और व्यक्तिगत सामान, एफएमसीजी-पैक खाद्य पदार्थ, तंबाकू उत्पाद और मादक पेय शामिल है। फिक्की कमेटी अगेंस्ट स्मगलिंग एंड नकली एक्टिविटीज डिस्ट्रॉयिंग द इकोनॉमी की रिपोर्ट के अनुसार दो उच्च विनियमित और टैक्स वाले उद्योग, तंबाकू उत्पाद और मादक पेय से सरकार को कुल टैक्स नुकसान का 49 फीसदी नुकसान इन दोनों पदार्थों से हुआ, हालांकि इनका अवैध व्यापार एफएमसीजी उद्योग की तुलना में काफ़ी कम था। इन क्षेत्रों में टैक्स घाटा 17,074 करोड़ रुपये एफएमसीजी पैकेज्ड फूड से, 15,262 करोड़ रुपये, मादक पेय से, 13,331 करोड़ रुपये, तंबाकू उत्पाद से, 9,995 करोड़ रुपये एफएमसीजी घरेलू और व्यक्तिगत सामान से और 2,859 करोड़ रुपये,मोबाइल फोन से रहा। सरकार तंबाकू उत्पादों पर लेकिन इसमें बीड़ी को छोड़कर, 58.14 प्रतिशत टैक्स लगाती है, जबकि 14 शराब कंपनियों के विश्लेषण और उनके द्वारा भुगतान किए गए उत्पाद शुल्क के आधार पर मादक पेय पर 64-65 प्रतिशत टैक्स है। इसलिए इन क्षेत्रों में अवैध व्यापार के कारण टैक्स हानि अन्य क्षेत्रों की तुलना में बहुत अधिक है,जिन पर 12-18 प्रतिशत के बीच टैक्स लगता है। फिक्की ने अनुमान लगाया है कि पांच उद्योगों में अवैध सामानों का कारोबार एक वर्ष के लिए 2,60,094 करोड़ रुपये का था, जिसमें एफएमसीजी उद्योग के घरेलू और व्यक्तिगत सामान, और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों का कुल अवैध मूल्य का तीन-चौथाई हिस्सा था। पैकेज्ड फूड इंडस्ट्री का अवैध बाजार में सबसे ज़्यादा हिस्सा 1,42,284 करोड़ रुपये का रहा और इसके बाद घरेलू और निजी सामान 55,530 करोड़ रुपये, मादक पेय 23,466 करोड़ रुपये, तंबाकू उत्पाद 22,930 करोड़ रुपये और मोबाइल फोन 15,884 करोड़ रुपये का रहा। अवैध व्यापार के कारण 15.96 लाख के वैध रोज़गार नुकसान का अनुमान लगाया गया है। सबसे अधिक नौकरियां, 7.94 लाख श्रम प्रधान एफएमसीजी पैकेज्ड खाद्य उद्योग में चली गई। इसके बाद तंबाकू में 3.7 लाख, एफएमसीजी घरेलू और व्यक्तिगत सामान में 2.98 लाख, मादक पेय में 97 हजार और मोबाइल फोन उद्योग में 35 हजार नौकरियां गईं। दिल्ली के चारों तरफ़ 200-250 किलोमीटर तक के शहरों में नक़ली कॉस्मेटिक का सामान बड़े पैमाने पर बिक रहा है, जिससे लोगों के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है। कई बार हुई कार्रवाई में खुलासा हो चुका है कि अधिकांश माल दिल्ली से सप्लाई होता है। पुलिस और कंपनी के अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों व कर्मचारियों को तो पकड़ा, लेकिन गिरोह के सरगना पकड़ से दूर हैं। इसके साथ ही नक़ली दवाएं बिकने का मामला भी सामने आ चुका है। सहारनपुर के नखासा बाजार, गुच्छा मार्केट, चौकी सराय, नया बाजार, नेहरू मार्केट और कोर्ट रोड पर कॉस्मेटिक के सामान की दुकानें हैं, लेकिन सौंदर्य प्रसाधन का सामान असली है या नक़ली, इसकी पहचान ग्राहक नहीं कर पाता है। क्योंकि, नक़ली माल भी बाकायदा असली की तरह तैयार कर बेचा जाता है। ज़्यादा मुनाफ़े के चक्कर में लोगों की ज़िन्दगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। छोटे व्यापारी और कर्मचारी तो पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं, बड़े अभी शिकन्जे से दूर हैं। जांच में यह भी सामने आ चुका है कि दिल्ली से नक़ली माल आता है, लेकिन दिल्ली में बैठे मुख्य आरोपियों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है। दिल्ली में कहां माल तैयार होता है और कौन सप्लाई करता है। इस बिंदु पर पुलिस की जांच आगे नहीं बढ़ी है। इस धंधे में लिप्त आरोपियों के नेटवर्क का पुलिस पता नहीं लग पाई है। इसी वजह से बार-बार कार्रवाई होने के बाद भी नक़ली उत्पाद बेचने का धंधा रुक नहीं रहा है, ग्वालियर में नक़ली सामान बनाने वाला पकड़ा गया है। कई मेडिकल स्टोरों पर नक़ली दवाएं बेचने का भी खुलासा हो चुका है। औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में अप्रैल से जुलाई माह तक विभिन्न मेडिकल स्टोरों से दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए थे। इनमें से नौ नमूनों की रिपोर्ट में पांच नमूनों में दवाएं नक़ली पाई गई है। बागपत में बीस हज़ार की नक़ली दवा के साथ औषधि निरीक्षक और पुलिस की टीम ने तीन लोगों को पकड़ा है। नक़ली दवाओं के तार कैराना से जुड़े थे, वहां एक मेडिकल स्टोर को सीज किया गया है। नामी कंपनियों के गुटखा, तंबाकू और सिगरेट के नाम पर नक़ली बेचने का कारोबार ग्वालियर के पास हजीरा में चल रहा था। मास्टरमाइंड कच्चा माल आगरा से लाता था। वहां सीआइएसएफ जवान के मकान का किराएदार, नक़ली माल को असली कंपनियों के पाऊच और डिब्बों में भरता था। इन्हें असली बताकर गांव और शहर की आऊटर बस्तियों में खपाता था। पुलिस जब उसके ठिकाने पर पहुंची तब नक़ली को असली बनाने का काम चल रहा था। छापे में नक़ली सिगरेट के 3 कार्टून, नक़ली पान मसाला के भरे 3 बैग, नक़ली तंबाकू की 3 बोरी, खुली तंबाकू 3 बोरी, एक अन्य तंबाकू 10 बोरी, एक अन्य गुटखा 13 कट्टे, तैयार पान मसाला 2 कट्टे कत्था 3 कट्टे और चूना 3 कट्टे ठिकाने से मिले हैं। सामान की क़ीमत लाखों में बताई जा रही है। नक़ली सामान, कर चोरी और तस्करी के उत्पादों से बने ग्रे मार्केट से होने वाले नुकसान के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को 2.2 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। यह आंकड़ों के संदर्भ में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन भारत में 30 लाख लोगों ने अवैध व्यापार के प्रभाव के कारण भारत में अपनी नौकरी खो दी है। व्यापार संगठन फिक्की के अनुसार, ग्रे आयात के कारण, जिनमें से अधिकांश चीन से आता है, भारत को लगभग 7 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ था।

### चार तीर

–सुनील 'उत्सव'

'आदमी' 'शक्ल' 'बेवड़ा' 'चेला'

आज जो कहता है वो, उससे मुकर जाता है कल,
आदमी की शक्ल है पर खूबियां बिल्कुल नहीं।
उसका चेला बेवड़ा है और नाटक बाज़ है,
मुफ़्त की उसकी सियासत, नेकियां बिल्कुल नहीं।

## तेज बारिश ने धान की फसल का बनाया बिछौना



वर्षा से बिछौना हुई धान की फसल को देखता किसान। –फोटो बुलेटिन

भोपा, २३ सितम्बर (बु.)। तेज गर्मी के बाद अब तेज बारिश ने अपना असर दिखाते हुए धान की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया है। बारिश के कारण खराब हुई धान व गन्ने की फसल से आहत किसान ने मदद की गुहार सरकार से लगाई है। मोरना–शुकतीर्थ मार्ग पर चौ. ब्रजवीर सिंह एक विकासशील किसान है, जो आधुनिक तरीकों से खेती कर फसलों का अच्छा उत्पादन प्राप्त करने का प्रयास करते रहते हैं। गुरूवार–शुक्रवार को हुई तेज बारिश ने उनकी धान व गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ब्रजवीर सिंह ने बताया कि बड़ी लागत लगाकर फसलें उगाई जा रही है। बारिश से उनकी धान व गन्ने की फसल धरती पर गिरकर बिछौना बन गई है। क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बैंक से कर्ज लेकर फसलें उगाई जा रही है। फसल के खराब हो जाने से बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने मदद की गुहार सरकार से लगाई है।

### भाकियू की पंचायत २७ को

शाहपुर, २३ सितम्बर (बु.)। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि २७ सितंबर को ग्राम गोयला में किसानों की समस्याओं को लेकर एक पंचायत आयोजित की जाएगी। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि आगामी २७ सितंबर को गांव गोयला में गन्ना मूल्य भुगतान, बिजली बिल व किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर एक विशाल पंचायत आयोजित की जायेगी। पंचायत में आसपास गांव के किसान भाग लेंगे। पंचायत को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सम्बोधित करेंगे।

### शरारती तत्वों ने सीएम के होर्डिंग को फाड़ा

भोपा, २३ सितम्बर (बु.)। बेहड़ा सादात में सड़क किनारे बने यात्री शेड को शरारती तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है। यात्री प्रतीक्षालय में लगे मुख्यमंत्री के होर्डिंग्स सहित अन्य होर्डिंग्स फाड़ दिये गये हैं। घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। ककरौली थाना क्षेत्र के बेहड़ा सादात में स्थित स्वामी कल्याणदेव ओमानन्द गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पास ग्राम प्रधान मंजु द्वारा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था। शुक्रवार की सुबह यात्री प्रतीक्षालय पर लगे होर्डिंग्स को फटा देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। शरारती तत्वों ने यात्री प्रतीक्षालय को नुकसान पहुंचाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के होर्डिंग्स को भी फाड़ दिया। शरारती तत्वों द्वारा की गई हरकत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।



## केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की योजना का जनपद के उद्यमियों को शत-प्रतिशत लाभ दिया जायेगा : डीएम

मुजफ्फरनगर, २३ सितम्बर (सूवि)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद में १७ सितम्बर से २ अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पाखवाडा कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में आज एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत ''वोकल फार लोकल'' जिला उद्योग केन्द्र के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ हुआ। डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का प्रयास है कि जगह–जगह पर छोटे–छोटे उद्योग स्थापित हों। उन्होंने कहा कि उनके इस सपने को पूरा करने के लिए उद्यमी आगे आयें और अपने–अपने नये उद्योंगो को स्थापित कर लोंगो को रोजगार देने वाला बनें। उन्होंने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार उद्योगों को स्थापित करने हेतु कई सुविधायें व सहायता दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की एक जनपद एक उत्पाद योजना बहुत ही महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना प्रदेश के सभी जनपदों में चलायी जा रही है, जिसकी प्रशंसा व स्थानीय उत्पादों की मांग देश व विदेशों में भी हो रही है और उन्होंने कहा कि जनपद का ओडीओपी उत्पाद–गुड़ के साथ–साथ जनपद में निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे–हथकरघा, कृषि यन्त्र उपकरण, विभिन्न प्रकार के सिरके आदि की उपलब्धि है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा सम्बोधित किया गया कि जिला उद्योग केन्द्र की विभिन्न विभागीय योजनाओं द्वारा हर धर्म व जाति के लोगों को ऋण देकर नये उद्योग लगाने का अवसर दिया जा रहा है। गन्ने की खेती के रूप में बढ़ावा देने के लिए कार्य किये जाये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम दिवस में रक्तदान का कार्यक्रम किया गया। इसके पश्चात आज लघु व सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत ''वोकल फॉर लोकल'' का आयोजन किया गया है, जिससे कि छोटे व कुटीर उद्योगों के उत्पादों को लोग देखें और उनको बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कौशल विकास मिशन योजना के उद्योग विभाग द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान के प्रांगण में दिनांक २३ से २५ सितम्बर तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, अपर जिलाधिकारी वि./रा. अरविन्द कुमार मिश्र, परमहंस मौर्य जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, जिला मीडिया प्रभारी श्री अचिन्त मित्तल, गुड़ एवं खांडसारी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल तथा अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि व भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, कार्यक्रम संयोजक सचिन सिंघल, अचिंत मित्तल,बहन सुषमा पुंडीर, रेनू गर्ग, साध ना सिंघल, कविता सैनी, विजय वर्मा, रविकान्त शर्मा एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## पत्रकार उत्पीड़न के मामलों पर प्रेस कौंसिल ने जताई चिंता

नई दिल्ली, 23 सितंबर ( बु. )। भारतीय प्रेस परिषद ने देश में पत्रकारों के समक्ष रिपोर्टिंग में आ रही समस्याओं पर चर्चा करते हुए राज्य सरकारों से पत्रकारों की मान्यता के संबंध में रिपोर्ट तलब की गई । बैठक में फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने के तौर तरीके खोजने पर चर्चा की गई तथा कश्मीर में पत्रकारों के सामने आ रही समस्याओं को लेकर प्रेस कौंसिल की वहां भेजी गई टीम की रिपोर्ट भी बैठक में रखी गई। भारतीय प्रेस परिषद की बैठक अध्यक्ष जस्टिस श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पत्रकारों की सुरक्षा तथा उनके सामने कवरेज के समय आने वाली समस्याओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसमें देश भर में पत्रकारों पर होने वाली ज्यादतियों के मामलों पर भी विचार किया गया। जस्टिस देसाई ने ओडीशा के नवरंगपुर जिले में पत्रकारों पर पुलिस ज्यादती के मामले में स्यू मोटो एक्शन लेते हुए ओडीशा के मुख्य सचिव, गृह सचिव तथा डीजीपी से मामले पर रिपोर्ट मांगी गई। बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई कि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में पत्रकारों की सुरक्षा के दृष्टिगत उन्हें किस प्रकार से प्रशिक्षित किया जाए। कश्मीर में पत्रकारों के समक्ष आ रही समस्याओं की पड़ताल के लिए भेजी गई टीम की रिपोर्ट भी बैठक में पेश की गई। तमाम सदस्यों ने पत्रकारों की सुरक्षा पर खास तौर से चिंता व्यक्त की और इस पर सरकार से मत लेने को कहा गया। बैठक में एक चर्चा का विषय फेक न्यूज पर रोक को लेकर रहा। इसमें कहा गया कि फर्जी खबरें देश और सामाजिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करती हैं। इन पर सख्ती से रोक लगाए जाने की जरूरत है। सदस्यों का कहना था कि इलेक्ट्रानिक खास तौर से टीवी मीडिया में यह समस्या अधिक है। इस पर रोक के लिए सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक में विभिन्न राज्यों में पत्रकारों को मान्यता के लिए समितियों की स्थिति पर भी चर्चा करते हुए तमाम राज्यों के मुख्य सचिवों से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई कि क्या उनके यहां मान्यता समिति है अथवा नहीं है। है तो कब से उसकी बैठक नहीं हुई है। प्रेस कौंसिल एक्ट में बदलाव के लिए प्राइवेट बिल लोकसभा में लाए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ के अलावा कौंसिल के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।



दिल्ली में सूचना भवन आयोजित प्रेस काउंसिल की बैठक में भाग लेते बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ।

## वुशु खिलाड़ी अभिषेक बालियान ने जीता स्वर्ण पदक

शाहपुर, २३ सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव रसूलपुर जाटान निवासी आईटीबीपी के जवान वुशू खिलाड़ी अभिषेक बालियान ने सातवीं ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल किया है। क्षेत्र के गांव रसूलपुर जाटान निवासी साधारण किसान उदयवीर बालियान के पुत्र अभिषेक बालियान वूशु खिलाड़ी के साथ आईटीबीपी में जवान है। दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में २० सितम्बर से आयोजित तीनदिवसीय सातवीं ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में उसने वुशु खेल में बीएसएफ, एसएसबी, असम राइफल्स व सीआरपीएफ के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक हासिल कर आईटीबीपी के साथ अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। वुशु खिलाड़ी की इस उपलब्धि से परिवार व गांव में खुशी की लहर है।



## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की बैठक हुई संपन्न

मुजफ्फरनगर, २४ सितंबर (बुस.)। गत दिवस स्थानीय बालाजी चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई कार्यकारिणी सदस्यों पदाधिकारियों एवं विशेष आमंत्रित लोगों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया है कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी अग्र शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती वृंदावन गार्डन भोपा रोड पर आगामी ३० सितंबर को शाम ५:०० बजे से मनाई जाएगी, जिसमें मेधावी छात्र–छात्राओं जिन्होंने ६५ प्रतिशत अंक पाए हैं, उनका सम्मान नगर की विभूतियों का सम्मान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को प्रमुखता दी जाएगी। ज्ञातव्य हो कि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे तथा दिनेश गोयल सदस्य विधान सभा, अभिमन्यु गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गोपाल गोयल राष्ट्रीय महामंत्री, प्रमोद मित्तल राष्ट्रीय संगठन मंत्री, अंजू अग्रवाल चेयरमैन, अशोक कंसल पूर्व विधायक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री राम कुमार तायल के अनुसार भीम कंसल संयोजक, विनोद सिंघल जिलाध्यक्ष, अंकुर गर्ग जिला महामंत्री, टोनी बिंदल जिला कोषाध्यक्ष, रेणू गर्ग प्रदेश अध्यक्ष महिला, विश्वदीप गोयल प्रदेश अध्यक्ष युवा इकाई इस कार्यक्रम की व्यवस्था प्रबंधन को संभालने तथा भव्यता प्रदान करने में सहयोगी रहेंगे। बैठक में बीएम गुप्ता एंड ल.के.मित्तल, इंजीनियर लोकेश चन्द्रा, आरके गोयल, सुनील गोयल, अनिल गोयल, सोहन गर्ग, ललित अग्रवाल, अशोक बंसल, अतुल गर्ग, सुमित गर्ग, सत्य प्रकाश रेशू, अचिन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



## श्री निजानंद आश्रम की स्वर्ण जयंती 27 को

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर ( बु. )। रतनपुरी स्थित श्री निजानंद आश्रम रतनपुरी का वार्षिक उत्सव इस बार 'स्वर्ण जयंती समारोह' के रूप में मनाया जाएगा। श्री निजानंद आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहिंद्र रसवंत और महासचिव कुलदीप कुमार ने बताया कि आश्रम लगभग 50 वर्ष पूर्व सन् 1972 ईसवी धर्मवीर जागनी रतन सरकार ने श्री निजानंद आश्रम रतनपुरी की स्थापना की थी। सद्गुरू परमहंस महाराज रामरतनदास की पुण्य स्मृति में उनका वार्षिक उत्सव मनाते आ रहे हैं। यह आश्रम अक्षरातीत श्री प्राणनाथ की कृपा की छत्रछाया, सतगुरू महाराज श्री रामरतनदास जी के वरद हस्त एवं सरकार श्री के अटूट पुरूषार्थ और त्याग से नित्य प्रति उन्नति के पथ पर चलता रहा है। इस आश्रम का कण-कण में सरकार श्री के जागनी के प्रति समर्पण एवं त्याग की झलक देखने को मिलती है। अतीत की उन स्वर्णिम एवं मधुर स्मृतियों को संजोए रखने के लिए सर्व सम्मति से यह निर्णय किया गया है कि इस वर्ष का वार्षिक उत्सव स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में 27 सितंबर 2022 से 4 अक्टूबर 2022 तक मनाया जाएगा, जिसको लेकर आश्रम की ओर से भव्य तैयारियां की गई है।

## जौला में विद्युत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने किया जेई का घेराव

बुढ़ाना, २३ सितम्बर (बु.)। शुक्रवार को बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला में स्थित छोटे बिजलीघर में सैंकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया, जिसमें ग्रामीणों ने जेई को अपनी विद्युत सम्बंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि जब तक पूरे गांव में जर्जर विद्युत लाईनों को बदलकर केबिल द्वारा तारबंदी नहीं होती, तब तक गांव में किसी भी तरह की विद्युत विभाग की तरफ से जांच नही आने दी जायेगी। विद्युत मीटर से सम्बंधित समस्त समस्याओं को पहले सुना जायेगा और फिर उसके बाद ही विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर तक ही विद्युत केबिल का इंतजाम किया जायेगा। पिछले दिनों जो फर्जी तरीके से गांव जौला में विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी की गई, तो उसी दौरान सब लोगों के मुकदमे वापिस लिए जाये, टाउन की लाइन अलग की जाये, जिससे टाउन में लगने वाले ट्यूबवेल कनेक्शन का लोड गांव की ग्रेड पर न पड़ सके। इस दौरान जेई ने सब ग्रामीणों को शांत कर जल्द ही सभी मांगों के निस्तारण का आश्वासन देते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य अब्दुल जब्बार, भारतीय किसान मजदूर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा साजिद उर्फ मुन्ना प्रधान, ताहिर ठेकेदार, रहीस भड़ाना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महबूब हसन लतीफ, कालन खां एडवोकेट, ठाकुर ठाठ सिंह, रामनिवास शर्मा, गुलरेज एडवोकेट, इकबाल एडवोकेट, राशिद राणा, अरशद प्रधान, वसीम राणा, फरीद बाबा और जीशान अहमद आदि ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली।

## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में समस्याओं पर मंथन

मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर ( बु. )। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक विश्वदीप गोयल के आवास पर अध्यक्ष संजय मित्तल की अध्यक्षता व महामंत्री प्रमोद मित्तल के संचालन में संपन्न हुई। उक्त बैठक में संगठन के मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक अशोक कंसल ने नगर क्षेत्र में बीते दिनों बनाए गए डिवाइडरों में पुलिस-प्रशासन की ओर से की जा रही खामियों पर विरोध जताते हुए दुर्घटनाओं व जाम की समस्या के चलते हटाए जाने की मांग की। बैठक में नगर क्षेत्र में गैस पाईप लाइन से होने वाली दिक्कतों की ओर भी ध्यान दिलाते हुए स्थाई निदान की मांग की। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में शुक्रवार को नगर क्षेत्र में टूटी सड़कों, संकरे रास्तों के साथ छोटी गलियों में नगर की यातायात व्यवस्था को ठीक करने के नाम पर डिवाइडर लगाए जाने को लेकर रही। बैठक में अशोक बाठला ने जहां नगर में गैस पाईप लाईन बिछाने के कार्य से हो रही दिक्कतों को लेकर रोष व्यक्त किया, वहीं प्रमोद मित्तल ने दुकानों पर कार्य कर रहे तमाम कर्मचारियों के लिए सरकार की योजना के बारे में बताया कि इसमें कर्मचारी को सीधा 2 लाख का बीमा व आयुष्मान कार्ड श्रम विभाग द्वारा दिए जाने की बात की। उन्होंने कहा कि इसके लिए उसका आधार कार्ड, बैंक खाता की फोटो कॉपी, दो फोटो होना जरूरी है, ताकि सहायक आयुक्त प्रतिभा तिवारी से मिलकर जगह-जगह कैम्प लगवाकर इन कर्मचारियों को सुविधा प्रदान की जा सके। वहीं निशांक जैन ने दीपावली के अवसर पर भगत सिंह रोड पर बीच में लगने वाले अस्थाई बाजार को नहीं लगाने की मांग की, जिससे भगत सिंह रोड़ की शोभा खत्म हो जाती है और क्षेत्र के व्यापारियों को खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में अगर कोई भी दुर्घटना हो जाये तो क्षेत्र में अग्निशमन दल की गाडियां नहीं पहुंच पायेगी। इन सभी समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक अशोक कंसल ने कहा कि इस तमाम समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से अतिशीघ्र वार्ता करेगा, ताकि सभी समस्याओं का समाधान हो सके। बैठक में मुख्य रूप से महेश चौहान, अजय सिंघल, अखिल सिंघल, संजय गोयल, गोपाल मित्तल, प्रमोद टांक, श्याम सिंह सैनी, राजकुमार रहेजा ए पंकज जी ए निशांक जैन, स्वराज वर्मा, नीरज बंसल, प्रवीण खेड़ा, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## समस्या निदान को मुख्यमंत्री दरबार में देंगे दस्तक: विपुल

### - अब 27 को मेरठ की क्रांति से आंदोलन की तैयारी - चेतावनीः सख्ती हुई तो बंद होंगे उद्योग, बढ़ेगी बेरोजगारी

मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर ( बु. )। आईआईए मुजफ्फरनगर ने एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग द्वारा विगत दो माह में अनेक तुकलगी फरमान जारी किए जाने का इस बीच विरोध जताते हुए आन्दोलन की चेतावनी दी है। एनसीआर क्षेत्र में डीजल जेनरेटिंग सेट्स के चलाने पर प्रतिबन्ध लागू हो जाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री दरबार में दस्तक देने के साथ ही जिला स्तर पर माननीयों को इसके पक्ष में लाने के लिए घेराव किए जाने के अलावा 27 सितम्बर को मेरठ में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है, ताकि समस्या निदान हो सके। आईआईए चेयरमैन विपुल भटनागर ने वार्ता करते हुए कहा कि एनसीआर क्षेत्र में 1 अक्टूबर से डीजल संचालित जेनरेटर सेट्स पर लगी पाबंदी उद्योगों को बंदी के कगार पर लाने की साजिश है, जिससे छोटे उद्योगों के साथ उससे जुड़े परिवारों के समक्ष आने वाले दिनों में रोजी-रोटी का संकट भी आ जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएक्यूएम को दिए गये प्रत्यावेदन में उद्योगों की मुख्य रूप से सीएक्यूएम के निर्देश में एनसीआर क्षेत्र में मात्र पीएनजी आधारित जेनरेटर चलाये जाने का आदेश पूरी तरह से बेमाने हैं, जबकि पीएनजी की उपलब्धता अभी कुछ ही क्षेत्रों में है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः अधिकतम सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों में 5 केवीए से 85 केवीए तक के डीजी सेट उपयोग हो रहे हैं, जिन्हें पीएनजी में परिवर्तित करने की कोई तकनीकी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में जहां पीएनजी उपलब्ध है, वहां के उद्योगों को पीएनजी में जनरेटरों का बदलना संभव नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे में एनसीआर के अनेक क्षेत्रों में आये दिन विद्युत कटौती होती है जिसके कारण यदि जेनरेटर चलाना प्रतिबन्धित हो जाने पर उद्योगों को बन्द ही रखना पड़ेगा जिससे उन्हें बहुत हानि होगी। इस दौरान आईआईए ने शासन से मांग की कि दिल्ली एवं एनसीआर में जब तक जीआरएपी लागू है, तब तक इन उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए, ताकि जेनरेटर सेट का उपयोग कम से कम करना पड़े और वायु प्रदूषण नियंत्रण में रहे। वहीं अगर ऐसे में बिना पूर्व सूचना के विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, तो उस विद्युत कम्पनी के अधिकारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ एक्यूआई 300 से ऊपर जाने पर उद्योगों को अपने जेनरेटर डिस्कनेक्ट करने और इन्डेक्स 300 से नीचे आने पर कनेक्ट करने की अनुमति प्रदान की जाये। इसके अलावा उद्योगों में किसी विभाग द्वारा निरीक्षण के समय स्थानीय संघों का एक प्रतिनिधि शामिल किए जाने और किसी भी उद्योग को बन्द करने का नोटिस देने से पूर्व सुनवाई का मौका व उचित समय दिए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से मनीष भाटिया, कुश पुरी, नीरज केडिया, पंकज जैन, अरविन्द मित्तल, अमित जैन, मनीष जैन, उमेश गोयल, यशपाल सिंह, सचिन अग्रवाल, संदीप जैन, नईम चांद समेत अन्य उद्यमी मौजूद रहे।




### अब 25 को जीआईसी में होगा खिलाड़ियों का चयन

मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर ( बु. )। उप क्रीड़ाधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि विभिन्न खेलों के आवासीय क्रीडा छात्रावासों में बालक-बालिकाओं के प्रवेश हेतु जिला स्तरीय चयन-ट्रायल्स की तिथियों का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कड़ी में बालक वर्ग में क्रिकेट, कुश्ती, जूडो तथा बालिका वर्ग में तैराकी, टेबल टेनिस, कबड्डी तथा बालक-बालिका वर्ग के बास्केटबाल, तीरंदाजी, बैडमिंटन आदि खेलों के लिए राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में निर्धारित तिथि में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय चयन-ट्रायल्स आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी अपने आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उप क्रीड़ाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग के लिए 25 सितम्बर को ऐसे खिलाड़ी अपने चयनित खेलों में चयन-ट्रायल्स में भाग लेने हेतु 01 अप्रैल 2022 को बालक-बालिकाओं की आयु 12 वर्ष से कम तथा अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम होनी चाहिए। आयु के संबंध में तमाम अभ्यर्थियो को विद्यालय द्वारा प्रदत्त जन्म तिथि प्रमाण पत्र जो बीएसए या डीआईओएस से प्रमाणित किया जाना जरुरी होगा। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती के चलते मैदान में परिवर्तन किया गया है।

**फुलबॉडी हैल्थ चैकअप**

दिनांक – 25–सितम्बर–2022, दिन रविवार
समय – प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
चैकअप शुल्क मात्र – 100 रुपये

मरीज के बिना बताए व बिना खून निकाले पूरे शरीर की जांच आधुनिक मशीनों द्वारा निःशुल्क की जायेगी। आज ही अपना नम्बर बुक करायें।

मो. न. – 8923864732, 8077896804

**नैचुरल हैल्थ केयर सैन्टर**
पता : 153, शिवपुरी, उत्तरी नई मण्डी, निकट जूम कोचिंग सैंटर, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर – 251001

नोट : हमारे यहां पर नसों का दर्द, जोड़ों का दर्द, सर्वाइकल, साइटिका, माइग्रेन, डिप्रेशन, हार्ट प्रॉब्लम, मानसिक रोग आदि का ईलाज बिना अंग्रेजी दवाई के जापानी पद्धति पर आधारित मशीनों के द्वारा किया जाता है।

पीलिया, खून की उल्टी, लीवर की बीमारी, पेट व आंत की बीमारी, Pancreas व बवासीर के विशेषज्ञ Dr. MUKUL RASTOGI (सीनियर कन्सलटेंट) D.M. Gastroenterology & Hepatology.
इस माह की दिनांक 25-09-2022 दिन-रविवार को Dr. Bansal Nursing Home, निकट महावीर चौक पर मरीज देखेंगे। समय सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक Endoscopy और Colonoscopy की सुविधा उपलब्ध है।
जो मरीज इस सुविधा का लाभ उठाना चाहें वो निम्न नम्बरों पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।
Ph. No. 0131-2623656, 7417011765
FORTIS HOSPITAL NOIDA- DELHI
Note : Dr. साहब अगले महीने की 23-10-2022 दिन रविवार को बैठेंगे।

**आवश्यक सूचना**

**सिंघल नर्सिंग होम**

डा. विकास सिंघल
M.B.,B.S. (MAMC), M.R.C.S. (GLASGOW)
F.A.C.S. (AMERICA)
American Board of Surgery Diplomate
Fellowship Advanced Laparoscopic Surgery (U.S.A.)
(सीनियर कन्सलटेंट गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कॉपिक सर्जन)

डा. हेमी सिंघल
M.B.,B.S. (MAMC), M.D. (USA)
Diploma in Diabetes (U.K.)
Diploma in Endocrinology (U.K.)
Fellowship American Board of obesity Medicine (U.S.A.)
(सीनियर कन्सलटेंट डाइबिटीज व मेडिकल वेट लॉस)

दिनांक 25.09.2022 को डॉ. विकास सिंघल
(सीनियर कन्सलटेंट मेदान्ता अस्पताल, गुड़गाँव)
पेट, आँत, जिगर पैन्क्रियाज़, पित्त की थैली, कैंसर, हर्निया अत्याधिक वज़न, एसिडीटी से पीड़ित मरीज़ों को देखेंगे।

डॉ. हेमी सिंघल
शुगर थायरॉयड एवं अत्याधिक वज़न ENDOCRINOLOGY मरीज़ों को देखेंगी।

नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें –

**सिंघल नर्सिंग होम**
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
Mob. 9837082912, 0131-2433104

# अग्रवीर : शामली के युवाओं की बाधा बनी बारिश

**➲मैदान सुखाने की कोशिश के बावजूद बारिश से और फैली कीचड़ ➲ शामली के अभ्यर्थियों को अब 11 अक्टूबर को दौड़ के लिए बुलाया**



बारिश के कारण अग्निवीर भर्ती स्थल का निरीक्षण करते एडीएम



मैदान में हुए जलभराव का नजारा



मैदान में मिट्टी डालकर ट्रैक को दुरूस्त करतेकर्मी



भर्ती प्रक्रिया बाधित होने के कारण निराश लौटते युवा

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। अग्निवीर भर्ती को लेकर आए सैंकड़ों युवाओं को बीती रात हुई जोरदार बारिश ने निराश किया। गुरूवार की स्थितियों को देखते हुए आज मैदान को सुखाने के लिए रात में मैदान पर डाली गई मिट्टी ने हालात और खराब कर दिए। इसके चलते वहां कीचड़ और दलदल के हालात पैदा हो गए। सुबह ऐलान किया गया कि आज भर्ती के लिए दौड़ नहीं होगी। अब 11 अक्टूबर को शामली जिले की भर्ती होगी।

लगातार हो रही बारिश का खामियाजा शामली के उन युवाओं को भुगतना पड़ा जो काफी तैयारियों के बाद आज भर्ती के लिए कल से ही यहां जमा होने लगे थे। रात में सेना के अधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर मैदान की स्थिति को सुधारने की कवायद की। इसके चलते कीचड़ भरे ट्रैक को सुखाने के तमाम जतन करने के साथ ट्रालियों में मिट्टी मंगाकर वहां डलवाई गई। इरादा यह था कि इस मिट्टी से ट्रैक सूख जाएगा, लेकिन हुआ इसका उलटा। रात में आई जोरदार बारिश ने इस मिट्टी को भी कीचड़ में बदल दिया। इसके बाद तो ट्रैक पर दल-दल का नजारा था। मैदान पर पानी भरा हुआ था। इसके चलते तड़के ही निर्णय लिया गया कि आज भर्ती के लिए दौड़ नहीं होगी। इसका ऐलान होने के बाद भर्ती के लिए आए युवाओं को निराश होना पड़ा। बाद में अधिकारियों ने ऐलान किया कि अब शामली के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती 11 अक्टूबर को होगी। ऐसे में तमाम अभ्यर्थियों को निराश होकर लौटना पड़ा। इसके बाद इस बात को लेकर असमंजस बना रहा कि शनिवार को होने वाली भर्ती की क्या स्थिति रहेगी। इस दिन गाजियाबाद और मोदीनगर के युवाओं की भर्ती होने का कार्यक्रम घोषित किया गया था। ऐसे में सुबह तो ऐलान किया गया था कि शेष भर्ती कार्यक्रम यथावत चलेगा, लेकिन आज शाम से भी जिस तरह बारिश का क्रम जारी रहा, उससे अभ्यर्थियों में ऊहापोह की स्थिति बनी रही। हालांकि देर रात तक भी भर्ती अधिकारी इस बारे में कुछ कहने से हिचकते रहे, लेकिन माना जा रहा है कि रात में भी बारिश के हालात यही रहे तो सुबह इसके बारे में निर्णय लिया जाएगा।

## प्रथम नवरात्रे पर माँ वैष्णो देवी मंदिर में प्रथम आरती करेंगे बुलेटिन सम्पादक

**➲मंदिर कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मां के चरणों की लाल चुनरी ओढाकर दिया निमंत्रण**



मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। मुजफ्फरनगर के प्रसिद्ध व सिद्ध मंदिर मां वैष्णो देवी के मंदिर में 26 सितम्बर से मां के जयकारे लगाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो जाएगी, इसी क्रम में मंदिर समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं, जिसमें सोमवार 26 सितम्बर को प्रातःकालीन पूजन व शाम के समय आरती का आयोजन प्रतिदिन रखा गया है। इसी क्रम में प्रथम नवरात्र की प्रथम आरती का निमंत्रण देने के लिए मां वैष्णों देवी मंदिर सभा के वरिष्ठ पदाधिकारी शुक्रवार को बुलेटिन कार्यालय पहुंचे और बुलेटिन सम्पादक व भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ को कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का निमंत्रण दिया। साथ ही साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने माता के चरणों की चुनरी व प्रसाद बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को सप्रेम भेंट किया। बुलेटिन कार्यालय पर मंदिर कमैटी के अध्यक्ष दर्शन लाल अनेजा सहित समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी दिलीप मलिक, दिनेश पुण्डीर, प्रकाश दुआ, नरेन्द्र दुआ, हरीश चड्ढा, विपिन फुटेला आदि मौजूद रहे।

## पुलिस हिरासत से फरार बदमाश 24 घंटे में दबोचे

शामली, 23 सितंबर (बु.)। बीते दिवस चौसाना चौकी पुलिस की हिरासत से फरार हुए लूट की योजना बनाने के दो आरोपियों को झिंझाना पुलिस और एसओजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। झिंझाना क्षेत्र के चौसाना चौकी पुलिस ने विगत् बुधवार की रात में लूट की योजना बनाने के दो आरोपियों गुफ्रान निवासी ग्राम चौसाना और रहीश उर्फ काला निवासी ग्राम माही कोटा थाना नागल सहारनपुर को दबोचा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को चौकी की बैरक में बंद कर दिया था। गुरूवार तड़के करीब 5 बजे दोनों बदमाश ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी को चकमा देकर फरार हो गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर जनपद पुलिस में हड़कंप मच गया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने फरार बदमाशों पर 20-20 हजार रुपये का ईनाम घोषित करते हुए उनकी गिरफ्तारी को एसओजी सहित पुलिस की विभिन्न टीमें लगाई थी। जिस पर एसओजी और पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए दोनों फरार बदमाशों गुफरान और रहीश उर्फ काला को अलग-अलग स्थानों से दबोचने में सफलता प्राप्त की। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने पत्रकार वार्ता में बताया कि दोनों बदमाश न्यायिक हिरासत में जेल जाने से बचने के लिए पुलिस हिरासत से फरार हुए थे। उन्होंने बताया कि घटना में लापरवाही के दोषी सिपाही के विरुद्ध धारा 223 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने साफ किया कि घटना में दो बदमाश फरार हुए थे, जिन्हें 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।

## बारिश के बावजूद युवाओं की सेवा में जुटे रहे भीम कंसल और सतीश गोयल

**➲मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने युवाओं को बढ़ाया हौसला**



मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। बारिश के चलते शामली की भर्ती दौड़ रद्द होने के बावजूद शनिवार को होने वाली गाजियाबाद और मोदीनगर की भर्ती के लिए बड़ी संख्या में युवाओं के पहुंचने का क्रम आज देर शाम तक जारी रहा। ऐसे में आज भी युवाओं के लिए वेदांता फार्म्स पर युवाओं की सेवा में प्रमुख उद्यमी भीम कंसल और सतीश गोयल समेत उनकी टीम जुटी रही। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान ने भी देर रात वहां पर पहुंच कर युवाओं से बातचीत की। युवा वहां की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते नहीं थके। बारिश के बावजूद आज भी सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए हजारों की तादाद में गाजियाबाद और मोदीनगर के युवा यहां पहुंचे। इन युवाओं के लिए बारिश के बावजूद वेदांता फार्म्स में भोजन और विश्राम की व्यवस्था जारी रही। बसों व रेलगाड़ियों से पहुंचे यह युवा सीधे वेदांता फार्म्स पहुंचे। वहां उनके लिए आज बारिश के बावजूद भोजन आदि की व्यवस्था में प्रमुख उद्यमी भीम कंसल तथा सतीश गोयल पूरी तरह से लगे रहे। रात में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान भी वहां पर पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने भर्ती के लिए पहुंचे युवाओं से भी बात की। इस दौरान युवाओं ने वहां की गई भोजन और विश्राम की व्यवस्थाओं की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि बारिश के बावजूद जो सेवाभाव उन्हें यहां देखने को मिला है, वह अपने आप में उदाहरण है। डॉ.संजीव बालियान ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार चाहती है कि युवाओं को उज्जवल भविष्य मिले। हालांकि युवाओं में रात में भी तेज बारिश के चलते कल सुबह भर्ती के लिए दौड़ होने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। रात में तेज बारिश के चलते युवाओं को मैदान में असेंबल का काम भी नहीं हो सका।




वेदांता फार्म में युवाओं को भोजन परोसते उद्यमी सतीश गोयल व भीम कंसल।

## शामली लौटने के लिए युवाओं को बेलने पड़े पापड़

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। भर्ती स्थगित होने के बाद शामली से आए युवाओं को वापसी के लिए भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। हजारों की संख्या में युवाओं की वापसी का दबाव यातायात व्यवस्था पर भारी पड़ा। रोडवेज स्टैंड पर बसें नहीं मिलीं। कुछ बसों को स्टेडियम मंगाया गया। हालांकि युवाओं को काफी समय वापसी के लिए इंतजार करना पड़ा। भर्ती रद्द होने के बाद बारिश के बीच शामली से आए अभ्यर्थियों की वापसी में काफी मुश्किलें हुईं। अधिकारियों द्वारा 8 बसें चौधरी चरण सिंह स्पोटर्स स्टेडियम में बुलाई गई थी। इनसे युवाओं को शामली के लिए रवाना किया गया। इसके अलावा भी बस स्टैंड पर पहुंचने वाले युवाओं के लिए 12 रोडवेज की बसें शामली रूट पर लगाई गईं। भर्ती रद्द होने के बाद बारिश के बीच युवा वापसी के लिए रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचे तो वहां शामली की बसें ना होने के कारण युवाओं की भारी भीड़ जुट गई। बाद में रोडवेज अधिकारियों ने अतिरिक्त बसें शामली के लिए लगाकर जैसे तैसे स्थिति को संभाला।

## कपड़े के गोदाम का ताला खोलकर हजारों का कपड़ा चोरी

मीरापुर, 23 सितंबर (बु.)। कस्बे के मोहल्ला मुश्तर्क निवासी कपड़ा व्यापारी मौ. सलीम ने बताया कि उसने अपने घर के निकट ही कपड़े का गोदाम बनाया हुआ है। सलीम के अनुसार बीती रात किसी अज्ञात चोर ने उसके गोदाम के शटर का ताला खोलकर यहां से करीब 50 हजार रुपये का कपड़ा चोरी कर लिया। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, पीड़ित व्यापारी सलीम सीसीटीवी के फुटेज को खंगालकर स्वयं ही चोर की तलाश करने में जुटा है।

## पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, 23 सितंबर (वार्ता)। मौसम विभाग ने दिल्ली में येलो अलर्ट की चेतावनी दी है, वहीं वेस्ट यूपी और उत्तराखंड में आगामी दो दिनों के लिए बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने कहा कि उत्तराखंड के लिए 23 से 25 सितंबर तक बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आज पश्चिमी यूपी में बारिश बढ़ने की उम्मीद है।

## हत्या के मामले में 5 को उम्र कैद व 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। 13 जुलाई 2008 को जानसठ क्षेत्र के ग्राम राजपुर तिलोरा में 30 वर्षीय नागेंद्र की गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले में आरोपी महिपाल सिंह, बबलू, उधम सिंह, शक्ति सिंह व शंकर को अदालत ने उम्र कैद व 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई एडीजे 6 अशोक कुमार की कोर्ट में हुई अभियोजन की ओर से एडीजीसी जोगेन्दर गोयल व वादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामबीर सिंह व विक्रांत मालिक ने पैरवी की। अभियोजन की कहानी के अनुसार गत 13 जुलाई 2008 को थाना जानसठ के ग्राम राजपुर तिलोरा में पुरानी रंजिश की लेकर 30 वर्षीय नागेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर क्रोस केस भी दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी पहले ही बरी हो चुके हैं।



शुक्रवार को दिनभर बारिश के बाद गिरा पेड व मुसीबतों से होकर गुजरते लोग।    फोटो बुलेटिन

## पहले बाप को मारा, अब बेटे की हत्या का किया प्रयास

**➲सुजडू में दबंगों ने घर में घुसकर की फायरिंग, महिलाओं से छेड़छाड़**

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव सुजडू में हत्या में सजा मिलने की रंजिश मानते हुए आरोपियों के परिजनों ने घर पर हमला कर एक युवक को अधमरा कर दिया। घर की औरतों के साथ छेड़छाड़ की गई। आरोपियों ने फायरिंग भी की। पुलिस द्वारा रिपोर्ट न लिखने पर पीड़ित पक्ष ने अदालत की शरण ली, अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

अदालत के आदेश पर शहर कोतवाली में दर्ज हुई रिपोर्ट में सुजडू की खालसा पट्टी निवासी शमीम पत्नी स्व. नासिर ने बताया कि पड़ौस के ही नईम के परिवार के लोगों ने उसके पति की हत्या करा दी थी, जिसमें आरोपियों को अदालत से आजीवन कारावास की सजा हुई थी। पीड़िता का कहना है कि इसी रंजिश में नसीम व उसके परिजनों ने विगत् 24 अगस्त को नसीम व उसके परिजनों ने घर में घुसकर उसके पुत्र फरीद पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस में शिकायत करने पर पुलिस ने उसके पुत्र का मेडिकल कराया। 26 अगस्त को आरोपियों ने हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुसकर फायरिंग करते हुए उसकी पुत्रवधुओं के साथ बदनीयत से छेड़छाड़ की। पास पड़ौस के लोगों ने उन्हें बचाया। आरोप है कि पुलिस ने शिकायत के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## बरसात में गिरे खम्भे, डेढ़ दर्जन गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप्प

भोपा, 23 सितंबर (बु.)। बरसात के दौरान हाईटेंशन लाइन के आधा दर्जन खम्बे ज़मीन में धंसकर गिर गये, जिससे 17 गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। विभागीय कर्मचारी लाइन को ठीक करने में जुटे हुए हैं। भोपा में स्थित 33/11 विद्युत उपकेन्द्र से क्षेत्र के गांव कादीपुर, रहकड़ा, बाकर नगर, नगला बुज़ुर्ग, धीराहेड़ी, बेहड़ा थ्रू, महमूदपुर माजरा, बेलड़ा, करहेड़ा, मलपुरा, पटौली, किशनपुर, भोपा, यूसुफपुर, अथाई, मोरना, भिड्डाहेड़ी आंशिक में विद्युत आपूर्ति की जाती है। शुक्रवार की सुबह हुई तेज़ बारिश के चलते भोकरहेड़ी 132 केवी केन्द्र से भोपा उपकेन्द्र को जोड़ने वाली लाइन के छः खम्बे जनता इन्टर कॉलिज के पास जंगल में ज़मीन में धंसकर गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। लगभग चार वर्ष पूर्व बनी लाइन में फॉल्ट होने व टूट जाने की शिकायत बनी रहती है, जिससे एक बड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अक्सर ठप्प हो जाती है। उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियन्ता सुनील कुमार ने बताया कि छः पोल गिर गए थे। लाइन को ठीक करने का कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही आपूर्ति को बहाल कर दिया जायेगा। वहीं मोरना व भोपा में व्यवसायिक उपभोक्ताओं ने बताया कि आए दिन लाइन में फॉल्ट होने से उनके उद्योग प्रभावित हो रहे हैं।

## उपद्रव में मौत पर दंगाइयों से वसूली जाएगी मुआवजे की राशि

लखनऊ, 23 सितंबर (वार्ता)। प्रदेश में दंगा, उपद्रव, विरोध प्रदर्शन, बंद और हड़ताल के दौरान किसी व्यक्ति की मौत होने पर उनके परिजन को पांच लाख रुपये और दिव्यांग होने पर न्यूनतम एक लाख रुपये का मुआवजा दंगाइयों और उपद्रवियों से वसूल करके दिया जाएगा। उपद्रवी या दंगाई को अपनी सफाई में यह कहने का अधिकार भी नहीं होगा कि मृतक या घायल व्यक्ति भी इसके लिए जिम्मेदार था। शुक्रवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में उत्तर प्रदेश लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली (संशोधन) विधेयक - 2022 पारित किया गया। विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विधेयक को प्रस्तुत करते हुए बताया कि 2020 में उत्तर प्रदेश लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अधिनियम 2020 पारित किया गया था। इसे कुछ संसोधन के साथ पुनः सदन में प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि दावा प्राधिकरण को मौत या दिव्यांगता पर मुआवजा राशि बढ़ाने का अधिकार भी होगा।

## माँ के बाद बेटी की भी उपचार के दौरान मौत

**➲मकान विवाद के चलते मां बेटी को कोल्ड ड्रिंक में दिया गया था जहर**

शामली, 23 सितंबर (बु.)। मकान पर कब्जा लेने गई मां बेटी को कोल्ड्र ड्रिंक में जहर मिलाकर देने के मामले में मां के बाद बेटी ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मृतक महिला के पति की तहरीर के आधार पर गांव गंगेरू के प्रधान पति सहित छः लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दोनों शवों के पोस्टमार्टम से आने के बाद गमगीन माहौल में दोनों शवों को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कांधला थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीदौलत निवासी इस्तकार पुत्र मंजूर ने गांव के ही मजाहिर से एक मकान खरीदा था, जिस पर कब्जे को लेकर इस्तकार व मजाहिर में विवाद चल रहा था। इस्तकार ने बताया कि वह गुरूवार को तय समय पर अपनी पत्नी फुरकाना व 15 वर्षीय पुत्री नबिया के साथ मकान पर कब्जा लेने मजाहिर के घर पहुंचा था, जहां पर पहले से ही गांव प्रधान पति राशिद पुत्र फैय्याज, मजाहिर, आबिद, जहूरा पुत्रगण शोखा, रफाकत पुत्र आबिद तथा मजाहिर की पत्नी मौजूद थे। इस्तकार ने बताया कि बात करने के दौरान उक्त लोगों ने उनको पीने के लिए कोल्ड्र ड्रिंक दी थी। तबीयत खराब होने के कारण इस्तकार ने कोल्ड्र ड्रिंक पीने से मना कर दिया था, जबकि उसकी पत्नी व बेटी ने कोल्ड्र ड्रिंक पी ली थी, जिसके बाद उनकी तबीयत खराब हो गई थी। हालत बिगड़ने पर मां बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया था, जहां पर डाक्टरों ने फुरकाना को मृत घोषित करते हुए नबिया की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया था, जहां उपचार के दौरान रात्रि एक बजे नबिया ने भी दम तोड़ दिया। नबिया की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित इस्तकार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव गंगेरू के प्रधानपति राशिद जंग सहित छः लोगों पर हत्या के साथ अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मां बेटी की मौत के बाद पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर शवों का पोस्टमार्टम कराया। दोनों मां बेटी के दोनों शवों को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## मंदिर का दान पात्र तोड़कर अर्धविक्षिप्त ने की हजारों की चोरी, पुलिस ने किया घटना का खुलासा

मीरापुर, 23 सितंबर (बु.)। बीती रात एक चोर ने मंदिर में रखे दो दानपात्र को तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। सवेरा होने पर मंदिर की सफाई करने पहुंचे पुजारी ने दान पात्रों को टूटा देखा, तो चोरी की जानकारी लगी। पुलिस ने कुछ घण्टे बाद ही अर्द्धविक्षिप्त युवक को दबोचकर घटना का खुलासा कर दिया। गांव मुकल्लमपुरा स्थित प्राचीन भूमिया शिव मंदिर में घुसकर एक चोर ने मंदिर के अन्दर रखे दो दानपात्रों को तोड़कर उनमें से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। सवेरा होने पर पुजारी जगमोहन मंदिर की सफाई करने पहुंचे, तो उन्होंने दानपात्र टूटे देखें तो उन्हें चोरी की जानकारी लगी, जिस पर पुजारी ने शोर मचाया तो दर्जनों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए तथा पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिस पर पुलिस भी मौके पर आ गई तथा चोर की तलाश में जुट गई। कुछ घण्टे बाद ही पुलिस ने एक सूचना के आधार पर पास के ही गांव भूम्मा के चौकीदार के अर्धविक्षिप्त पुत्र राम को गांव के निकट से पकड़ लिया तथा उससे पूछताछ घटना का खुलासा कर दिया, पुलिस ने अर्धविक्षिप्त के पास से 1200 रुपये की खारिज बरामद की तथा उसकी निशानदेही पर 4700 रुपए उसके घर से बरामद कर लिए बाद में इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बरामद रुपये मंदिर समिति को सौंप दिए गए हैं। इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया अर्धविक्षिप्त युवक का चिकित्सीय परीक्षण कराकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### पूर्व में भी कई बार चोरी कर चुका है अर्धविक्षिप्त

मीरापुर, 23 सितंबर (बु.)। गांव मुकल्लमपुरा के मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला चौकीदार का अर्द्ध विक्षिप्त पुत्र इससे पूर्व भी कई बार इसी मंदिर में व अन्य स्थानों पर चोरी कर चुका है। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में उसे पागल समझकर छोड़ दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में होगी नर्सिंग की पढ़ाई

लखनऊ, 23 सितंबर (वार्ता)। यूपी के सभी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग की पढ़ाई होगी। नए खुलने वाले राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग इंस्टीट्यूट खोलना अनिवार्य होगा। यह घोषणा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को की। इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को लोहिया संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में डिप्टी सीएम ने बीएससी नर्सिंग में दाखिले की आस में बैठे छात्र-छात्राओं को तोहफा दिया। गरीब छात्र-छात्राएं सरकारी संस्थानों से बीएससी नर्सिंग की डिग्री ले सकेंगे। इसके लिए प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों में यह कोर्स शुरू किया जाएगा।

## वृद्ध को मारी बाइक की टक्कर, जानलेवा हमला

**➲घर पर किया पथराव, पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट**

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अग्रसेन विहार में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष की सुनवाई न करने पर पीड़ित पक्ष ने अदालत की शरण ली। अदालत ने पीड़ित पक्ष की सुनवाई करते हुए पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। अदालत के आदेश पर नई मंडी थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट में मौहल्ला अग्रसेन विहार निवासी मालती देवी पत्नी भगवती शाही ने बताया कि उसके पड़ौस में रहने वाले सुकेन्द्र पाल व उसके परिवार के लोग पुलिस व अन्य सरकारी विभाग से रिटायर्ड हैं, जिसके चलते वह मौहल्ले में दबंगई दिखाते हैं। पीड़िता ने बताया कि विगत् 15 जुलाई को सुकेन्द्र के परिवार के प्रदीप ने उसके पति को बाइक की टक्कर मार दी और अपने परिवार के लोगों के साथ उसके पति पर हमला कर उसे बुरी तरह मारा पीटा, जिससे उसके पति का पैर का अंगूठा कट गया। आरोपियों ने उसके घर पर पथराव किया। शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## बारिश में मजदूर का लेंटर भरभराकर गिरा

**➲भारी बारिश के चलते तीर्थनगरी के मुख्य मार्ग हुए जलमग्न**

भोपा, २३ सितम्बर (बु.)। तेज बारिश के दौरान मजदूर के मकान का लैन्टर भरभरा कर गिर गया तथा सारे मकान में दरारें आ गयी। लैन्टर के नीचे दबकर घर में रखा कीमती सामान खराब हो गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में ब्रजपाल सैनी का परिवार शुक्रवार की सुबह ११ बजे के लगभग तेज बारिश के दौरान घर में मौजूद था कि तेज आवाज के साथ बराबर के कमरे का लैन्टर गिर गया तथा बराबर के दोनों कमरों में भी बड़ी दरारें आ गयी। बारिश के बीच पडोसियों की मदद से मलबे में दबे सामान को बाहर निकाला गया। ब्रजपाल सैनी ने बताया कि लैन्टर गिरने से हजारों का सामान टूटकर खराब हो गया है। पत्नी बिमलेश, पुत्र संकुल, मिथुन, सोनू भी बाल बाल बच गये। पूरे मकान में बड़ी दरारें आ गयी हैं। कभी भी मकान की दूसरी छतें भी गिर सकती हैं। ग्राम प्रधान राजपाल सैनी सहित पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। इसके अलावा भारी वर्षा होने के चलते गंगा घाट के मुख्य मार्ग पर जल भराव होने से आवागमन बंद हो गया है। साधु-संतों ने डीएम से जल निकासी की मांग की है। वहीं थाना भोपा क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू में वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से रविदास मंदिर के पिलर टूट गए तथा पंचायतघर की छत टूट गई। सूचना पर पहुंचे प्रधान दिनेश राठी ने उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया।



गरीब के मकान की छत गिरने की घटना की जानकारी करते ग्राम प्रधान।

## बलात्कार मामले के दो आरोपियों को जमानत

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम तेवड़ा निवासी जिला पंचायत सदस्य के पति मौहम्मद मूसा व उसके भाई अब्दुल सलाम को जिला जज की अदालत से जमानत मिल गई है। जिला जज चवन प्रकाश ने दोनों आरोपियों की जमानत अर्जियों पर विचार करते हुए आदेश दिया कि, एक-एक लाख रुपये के दो-दो जमानती दाखिल किये जाने पर उन्हें रिहा किया जाए। गत् दिनों दोनों आरोपी निचली अदालत में 2016 के पुराने मामले में पेश होकर जेल चले गए थे। इस से पहले बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर दुष्यंत सिंह व योगेंद्र पंवार ने आरोपियों की ओर से बहस कर बताया कि पुरानी रंजिश के चलते पीड़िता को लालच देकर झूठा मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट भी लगा दी थी। आरोपियों की ओर से बताया गया कि हत्या का एक मामला वापस लेने के लिए हत्या के आरोपी मेहराजुद्दीन ने दबाव डालने के लिए लालच देकर बलात्कार का झूठा मामला दर्ज करा दिया था।

## पूर्व परिवहन मंत्री कटारिया ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर कराई जमानत

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)। 2013 में नंगला मंदौड महापंचायत के दौरान सिखेड़ा थाने पर पुलिस बैरियर तोड़ने के मामले में आरोपी पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने शुक्रवार को एमपीएमएलए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर अपनी जमानत कराई। कटारिया के काफी समय से वारंट चल रहे थे।

पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने शुक्रवार को एमपीएमएलए कोर्ट में पेश होकर अपनी हाजिरी लगाई। उनके खिलाफ करीब 9 साल पहले सिखेड़ा थाने में एसओ चरण सिंह यादव ने मुकदमा दर्ज कराया था। बीते काफी समय से उनके खिलाफ वारंट जारी थे। पूर्व मंत्री कटारिया ने कोर्ट में आत्म समर्पण कर अपनी जमानत कराई। मीडिया से बातचीत करते हुए विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर उनका संघर्ष जारी रहेगा, उनके खिलाफ जो भी मामले दर्ज हुए हैं, व्यक्तिगत रूप से उनका कोई लेना देना नहीं है। जनता की लड़ाई लड़ते हुए यह मुकदमे दर्ज हुए हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार अच्छी मंशा के साथ मदरसों और वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों की जांच करा रही है। इसमें किसी को भी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जो भी संस्थाएं सरकार की आर्थिक सहायता से चल रही हैं, उनमें पारदर्शिता होना जरूरी है। उन्होंने योगी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भाजपा के बढ़ते जनाधार से समस्त विपक्ष बौखलाहट में है।

